Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 320 | रविवार, 23 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## चूहे के चक्कर में कुत्ते ने उखाड़ा कार का पूरा बम्पर



**नई दिल्ली।** हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक आवारा कुत्ते ने ऐसा कारनामा कर दिया कि लोग हैरान भी हैं और हंस-हंसकर लोट-पोट भी हो रहे हैं। कुत्ते का लक्ष्य एक छोटा सा चूहा है, लेकिन उसे पकड़ने की कोशिश में उनसे कार का पूरा फ्रंट बम्पर उखाड़ डाला। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है और हर कोई इस कुत्ते की फोकस और जुनून की तारीफ कर रहा है। कई लोग तो इसे कार की मजबूती का अनोखा टेस्ट बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक बार-बार फ्रंट बम्पर को दांतों से पकड़कर जोर लगाता है। कुछ सेकंड की खींचातानी के बाद पूरा बम्पर उसकी ताकत के आगे झुक जाता है और अलग हो जाता है। जैसे ही बम्पर नीचे गिरता है, वो तुरंत चूहे को निकाल लेता है। एक चूहे को पकड़ने के चक्कर में वह पूरा बंपर तोड़ देता है।

## उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव संपन्न



**देहरादून।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में मतगणना परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। रुद्रप्रयाग जिला पंचायत सदस्य के एक रिक्त पद पर नीता देवी निर्वाचित घोषित की गई। ग्राम प्रधान के 11 पद रिक्त रह गए हैं। इसके साथ ही उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता भी समाप्त हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान के चार पदों पर मतगणना के बाद अल्मोड़ा जिले में तीन और चमोली जिले में एक पद पर प्रधान निर्वाचित घोषित किए गए। उप चुनाव में 14 प्रधान निर्वाचित हुए हैं। विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायत सदस्य के 342 पद पर निर्वाचन हुआ है। अब जिला पंचायत के समस्त 358 पदों पर शत प्रतिशत सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य के कुल 2974 पद में से एक पद को छोड़ कर सभी निर्वाचित घोषित किए गए हैं। ग्राम प्रधान के 7499 पदों में से 11 पद रिक्त रह गए हैं।


### गृह मंत्रालय ने दिए निर्देश

# नेपाल और बांग्लादेश में अशांति के बाद 'चिकन नेक' की सुरक्षा दोगुनी का फैसला

**सिलीगुड़ी।**

बांग्लादेश और नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता और दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद ''चिकन नेक'' यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है। इसी कारण इस क्षेत्र की सुरक्षा दोगुनी करने का फैसला लिया गया है। साथ ही उत्तर बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में निगरानी भी दोगुनी की जाएगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर समेत अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया था। उसके बाद ही सभी जांच एजेंसियों की सक्रियता बढ़ गई है। शनिवार को बंगाल में दार्जिलिंग जिले के अधीन सिलीगुड़ी में केंद्रीय खुफिया ब्यूरो (सेंट्रल आइबी) के कार्यालय में हाई लेवल स्टेट सब्सिडियरी मल्टी एजेंसी सेंटर की बैठक हुई। इसी बैठक में यह निर्णय लिया गया। सिलीगुड़ी के पुलिस कमिश्नर इस मुद्दे पर खुलकर बोलने से बचते नजर आए। पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने कहा कि यह एक रूटीन बैठक थी। मीडिया में कहने की कोई बात नहीं है। सुरक्षा संबंधी बैठकों को सार्वजनिक करने की कोई जरूरत नहीं है। उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे के कटिहार डिवीजन के डिविजनल सेफ्टी कमिश्नर संदीप कुमार पीएस बैठक में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण बैठक हुई है। उत्तर बंगाल की सभी सुरक्षा एजेंसियां इसमें उपस्थित थीं। मुख्य रूप से हर एजेंसी ने अपनी सुरक्षा और निगरानी से जुड़े कुछ सुझाव रखे। गौरतलब है कि उत्तर बंगाल में चिकन नेक के आसपास कई अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं।



> खासकर बांग्लादेश और नेपाल में अभी भी राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। पिछले दो महीनों में भारत–नेपाल बार्डर से एसएसबी ने 41 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है। इनमें से तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी के सदस्य होने के शक में बागडोगरा के बैंगडुबी आर्मी कैंप से गिरफ्तार किए गए हैं।

## पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट ने चौंकाया



**आगरा।**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में चौंकाने वाली बात सामने आई है। पंचायत चुनाव की सूची में विधानसभा निर्वाचन से भी अधिक डुप्लीकेट मतदाता मिले हैं। आगरा मंडल में ऐसे मतदाताओं की संख्या 10 लाख है। सबसे अधिक डुप्लीकेट मतदाता आगरा में 3.84 लाख और सबसे कम मैनपुरी में 1.89 लाख हैं।

इन सभी मतदाताओं की जांच सात दिनों में पूरी होगी। डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। वहीं 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी। सूची का अंतिम प्रकाशन पांच फरवरी को होगा। शनिवार को सर्किट हाउस में राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्याधिकारी डा. अखिलेश कुमार मिश्रा ने आगरा मंडल के सभी जिलों की पंचायत चुनाव की मतदाता सूची की समीक्षा की। विशेष कार्याधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन और पंचायत निर्वाचन की मतदाता सूची अलग अलग है। विधानसभा मतदाता सूची की तर्ज पर पंचायत चुनाव की सूची को भी त्रुटि रहित बनाया जा रहा है।

## चंडीगढ़ पंजाब का अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा, सीएम भगवंत मान

**चंडीगढ़।**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब सरकार, राज्य से उसकी राजधानी चंडीगढ़ छीनने के भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के नापाक इरादों को कभी सफल नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़, पंजाब का अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आगामी संसदीय सत्र में संविधान की धारा 240 के तहत पंजाब की राजधानी को भी अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के साथ जोड़ने के लिए लाई जा रही संशोधन संबंधी प्रस्ताव को किसी भी कीमत पर अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर राज्य का अपनी राजधानी पर पूर्ण अधिकार होता है, लेकिन पंजाब को उसकी राजधानी सौंपने से लगातार बचकर, राज्य के साथ भारी अन्याय किया जा रहा है। भाजपा-नीत केंद्र सरकार खुलेआम धक्केशाही पर उतारू है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य को उसकी राजधानी से वंचित नहीं किया जाता, जबकि पंजाब को उसकी अपनी राजधानी से अलग कर दिया गया।



## पीएम मोदी ने जी20 लीडर्स समिट में खाद्य सुरक्षा पर दिया जोर

**जोहानिसबर्ग।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में ऋ20 लीडर्स समिट के दूसरे सेशन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ अफ्रीका के जोहानिसबर्गमें जी20 लीडर्स समिट के सेशन कक को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए क्लाइमेट एजेंडा पर ज्यादा मिलकर काम करने की अपील की और भारत की प्रेसीडेंसी के दौरान अपनाए गए खाद्य सुरक्षा पर डेक्कन सिद्धांतों पर जोर दिया। समिट के दूसरे सेशन में पीएम मोदी ने इस बात की तारीफ की कि भारत द्वारा शुरू किए गए आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ऋ20 देशों से वित्त, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास जुटाने के लिए उऊफक के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। इस दौरान भारत ने शनिवार (22 नवंबर) को पुनर्चक्रण, शहरी खनन, सेकेंड लाइफ बैटरी और संबंधित नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए जी-20 महत्वपूर्ण खनिज सर्कुलरिटी पहल का प्रस्ताव रखा।



## बालाकोट स्ट्राइक के योद्धा ने जीती सिस्टम के खिलाफ जंग



**लखनऊ।**

पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक करने वाले भारतीय वायुसेना के जांबाज ग्रुप कैप्टन एम. श्रीवास्तव ने दिव्यांगता पेंशन पाने के लिए पिछले दो साल से जारी जंग जीत ली है। वायुसेना में सेवा के दौरान कोरिटिड साइनस हाइपर सेस्टिविटी नाम की बीमारी होने पर मेडिकल बोर्ड ने उनको सेवामुक्त कर दिया था। बोर्ड ने दिव्यांगता पेंशन देने की संस्तुति की थी, जिसे रक्षा लेखा विभाग ने अस्वीकार कर दिया था। अब सशस्त्र बल अधिकरण की लखनऊ बेंच ने उनको को दिव्यांगता पेंशन जारी करने के आदेश दिए हैं। लखनऊ के इंदिरानगर निवासी ग्रुप कैप्टन श्रीवास्तव को भारतीय वायुसेना में 16 दिसंबर 1989 को कमीशंड प्राप्त हुई थी। वह 30 नवंबर 2023 को सेवानिवृत्त हो गए थे। सेवानिवृत्ति के पहले वड़ोदरा में रिलीज मेडिकल बोर्ड ने 25 जुलाई 2023 को स्वास्थ्य परीक्षण में पाया कि उनको कारोटिड साइनस हाइपरसेंस्टिविटी नाम की बीमारी हो गई है।

### सेवाकाल के दौरान हुई बीमारी

उनको यह बीमारी सेवाकाल के दौरान हुई। इसमें इलाज में किसी तरह की देरी भी संभव नहीं है। ऐसे में रक्षा मंत्रालय को 40.5 की दिव्यांगता पेंशन राउंड आफ में 50 प्रतिशत करते हुए चार माह के भीतर देना होगा। ऐसा न करने पर मंत्रालय को आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।

## दिल्ली का न्यूनतम तापमान पहुंचा 10 डिग्री, यूपी में कोहरे की चेतावनी



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में ठंड ने तेजी से दस्तक दे दी है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तापमान लगातार गिर रहा है, तो वहीं दक्षिण भारत में बारिश की संभावना बनी हुई है। दिल्ली में आज से ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 26त्उ, न्यूनतम तापमान 11त्उ और हवा की गति 10झ15 किमी प्रति घंटे रह सकती है। दिल्ली में रात तक तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जिससे ठंड का एहसास हुआ। आईएमडी ने निवासियों के लिए स्वास्थ्य सलाह के साथ अपना नवीनतम मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। पंजाब, बिहार, पूर्वी यूपी और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कई इलाकों में हल्के कोहरे की परत देखी गई।

अगले दो तीन दिनों में मध्य भारत, महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ हिस्सों में रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

## अध्यक्षता पर अफ्रीकी राष्ट्रपति की ट्रंप को दो टूक, बोले- ऐसे किसी को भी नहीं सौंपेंगे




**जोहानिसबर्ग।**

जी-20 की अगली अध्यक्षता को लेकर अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। अमेरिका ने जी-20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था। इसके बाद अब अफ्रीका ने ट्रंप के दबाव को दरकिनार कर अमेरिका को आईना दिखा दिया है। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं ने एक ऐतिहासिक घोषणापत्र को अपनाया। इस घोषणापत्र पर सर्वसम्मति से बनी सहमति इसलिए भी चौंकाने वाली है, क्योंकि अमेरिका ने इसका विरोध किया था और शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था। दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने शनिवार को एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप को आईना दिखाते हुए कहा कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा जी-20 की अगली अध्यक्षता किसी अमेरिकी दूतावास के प्रतिनिधि को नहीं सौंपेंगे। ये फैसला ट्रंप के शिखर सम्मेलन बहिष्कार के बाद लिया गया है। जी-20 की परंपरा को तोड़ते हुए दुनियाभर के नेताओं ने इस साझा घोषणापत्र को जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरूआत में ही अपना लिया। आमतौर पर इसे सम्मेलन के आखिरी दिन किया जाता है। अमेरिकी ने मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका के साथ कूटनीतिक मतभेदों के चलते इस सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

### ट्रंप को पहले भी सुनाई थी दो टूक

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने गुरुवार को जी–20 शिखर सम्मेलन में डोनाल्ड ट्रंप पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि जी–20 में कोई धमकी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि ऐसा नहीं हो सकता कि किसी देश की भौगोलिक स्थित, आय का स्तर या सेना यह तय करे कि किसकी आवाज सुनी जाए और किससे बात की जाए।

## संपादक की कलम से

# प्रतिशोध का कुटिल फैसला

जिस ट्रिब्यूनल को 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्थापित किया था, उसी ढाका इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है। हसीना लंबे वक्त तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं। यदि उन पर हत्याओं के आरोप अपराध बना दिए गए हैं, तो यह सिर्फ प्रतिशोध का फैसला है, लिहाजा सवालिया भी है। एक ट्रिब्यूनल प्रधानमंत्री के स्तर की शख्सियत को मौत नहीं दे सकता। न्याय निष्पक्ष, निडर और ईमानदार होना लाजिमी है। ऐसे फैसले सर्वोच्च अदालत के स्तर पर लिए जाने चाहिए। लेकिन उसकी भी एक अजीब शर्त है कि शेख हसीना बांग्लादेश लौट कर आत्मसमर्पण करें। उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उसके बाद सर्वोच्च अदालत उनकी अपील को सुन सकती है। फिर भी निष्पक्ष और तटस्थ फैसले की गारंटी क्या है? सजा-ए-मौत सुनाने वाला ट्रिब्यूनल पाकिस्तान के युद्ध-अपराधियों के खिलाफ मामलों को सुनने और उचित सजा सुनाने को गठित किया गया था। वह 1971 का दौर था, जब बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ा जा रहा था। यह बांग्ला नागरिक समाज की लगातार मांग थी कि पाकिस्तान की फौज ने जो नरसंहार किए, उसके लिए युद्ध-अपराधियों को सजा दी जाए। उस दौर में करीब 30 लाख लोगों की हत्याएं की गईं और करीब 2.50 लाख महिलाओं से बलात्कार किए गए। तब की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश के नागरिक समाज की बात कबूल की और यह ट्रिब्यूनल स्थापित किया। हसीना के खिलाफ ट्रिब्यूनल का मौत की सजा का फैसला कठिन, कुटिल, पैंतरेबाजी का फैसला है। पता नहीं, मुहम्मद यूनुस कब की खुन्नस हसीना से निकालना चाहते हैं। यूनुस अमरीका का मोहरा हैं, यह तख्तापलट के बाद ही साफ हो गया था, जब यूनुस अमरीका के प्रवास पर गए थे। तख्तापलट में अमरीका का भी पूरा हाथ था। बहरहाल बीते साल बांग्लादेश में जो छात्र आंदोलन भडका था, उसमें कई मौतें भी हुई थीं। शेख हसीना को 5 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर, देश छोड़ कर, भागना पड़ा था। भारत ने उन्हें शरण दी, क्योंकि प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने भारत के साथ दोस्ती निभाई थी। वह अव्वल दर्जे की हिंदूवादी नेता थीं। वह आज भी भारत में हैं और सुरक्षित हैं। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है। यूनुस बुनियादी और वैचारिक तौर पर शेख हसीना के विरोधी हैं। अंतरिम सरकार के दौरान ही इस्लामवादी ताकतों ने हिंदुओं की हत्याएं कीं, उनके मंदिर तोड़े, प्रतिमाएं खंडित की गईं, घर-दुकानों को जला कर राख कर दिया। उनकी जवाबदेही किसकी है? इनकी सजा यूनुस को मिलनी चाहिए। कब सजा दी जाएगी? यूनुस सरकार ने कट्टरवादी ताकतों के पक्ष में फैसले लिए और उन्हें जेलों से रिहा किया। राजनीतिक पार्टी की मान्यता दी, ताकि वे चुनाव लड़ कर हुकूमत में आ सकें। क्या यूनुस के मंसूबे बांग्लादेश को शरिया इस्लामवादी देश बनाने के हैं? यूनुस की उम्र 90 साल होने को है, लेकिन वह हसीना-विरोधी कट्टरता छोड ? को तैयार नहीं हैं, लिहाजा मौजूदा हालात में बांग्लादेश में गृहयुद्ध छिड़ सकता है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने भी देशव्यापी बंद का ऐलान किया है।



ललित शर्मा
संपादक

# भ्रष्टाचार और जंगलराज से समझौता बना कांग्रेस की हार

कांग्रेस ने लालू राज की इस सच्चाई को जानने के बावजूद राजनीतिक पैतरेबाजी से बिहार में सत्ता हासिल करने का नाकाम प्रयास किया। बिहार में वोट चोरी का अभियान चलाया गया। यह कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहा। एसआईआर प्रक्रिया में 65 लाख वोट हटा दिए गए। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पिछले महीने आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। सीबीआई के अनुसार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव के अलावा राज्यसभा सदस्य प्रेमचंद गुप्ता, उनकी पत्नी सरला गुप्ता, आईआरसीटीसी अधिकारियों, कोचर ब्रदर्स समेत कुल 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए गए थे। यह खबर पूरे देश में पढ़ी-सुनी गई। यदि किसी ने नहीं देखी तो वह है कांग्रेस पार्टी ने। कांग्रेस ने लालू यादव के भ्रष्टाचार और जंगलराज के अन्य मामलों की तरह इसे भी नजरांदाज कर दिया।

कांग्रेस यह भूल गई कि यदि ऐसे मामलों की अनदेखी की गई तो मतदाता भी उसे भूल जाएंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में यही हुआ। मतदाता भूल गए कि कांग्रेस भी एक राष्ट्रीय और प्रमुख विपक्षी राजनीतिक दल है। कांग्रेस ने सत्ता के लिए भ्रष्टाचार से समझौता किया। मतदाताओं ने कांग्रेस के इस रवैये को मतों से ठुकरा दिया। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस ने पिछली गलतियों से जरा भी सबक नहीं सीखा। भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था आज भी देश में प्रमुख मुद्दा है। विकास और दूसरे मुद्दे इसकी नींव पर खड़े होते हैं, यदि नींव ही कमजोर होगी तो विकास की इबारत नहीं लिख पाएगी। कांग्रेस ने बिहार में लालू यादव की पार्टी से सत्ता के लिए समझौता कर अपने पैरों पर फिर से कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। कांग्रेस को बिहार विधानसभा की कुल 243 सीटों में से मात्र 6 सीटें मिली। इस शर्मनाक हार की जिम्मेदार खुद कांग्रेस है। कांग्रेस अब इस जिम्मेदारी से भागने के लिए फिर से वही पुराना वोट चोरी, सरकारी मशीनरी के चुनाव में दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। अभी भी कांग्रेस इस सच्चाई का सामना करने को तैयार नहीं है कि उसने एक महाभ्रष्ट लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल से सीटों का समझौता करके भारी भूल की है। बिहार के मतदाताओं ने इन दोनों दलों को तगड़ा सबक सिखाया है। कांग्रेस ने आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबे लालू परिवार के जरिए चुनावी वैतरणी पार करने का गलत निर्णय लिया। यह जानते हुए भी कि मतदाता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपराधी परिवार के साथ चुनावी तालमेल की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ गई। भाजपा और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने लालू यादव के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार और जंगलराज को प्रमुख मुद्दा बनाया। कांग्रेस इसके बचाव में कोई दलील देकर मतदाताओं को संतुष्ट नहीं कर सकी। बिहार में चुनाव हो और चारा घोटाले से जुड़ी कहानियां सामने न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। ये घोटाला ही ऐसा था कि 30 साल बाद भी लोग इसके बारे में बात करते हैं और जानने की चाहत रखते हैं। कांग्रेस ने 950 करोड़ रुपये के घोटाले में अपने प्रमुख सहयोगी और राजद प्रमुख लालू प्रसाद को गिरफ्तारी से बचाने के लिए पर्दे के पीछे से राजनीतिक चालें चलीं, लेकिन वे असफल रहीं। वर्ष 1990-96 के दौरान सामने आया चारा घोटाला बिहार पशुपालन विभाग में हुआ। इसमें अधिकारियों ने बेईमान सप्लायर्स के साथ मिलकर फर्जी बिलों के आधार पर सैकड़ों करोड़ रुपये का गबन किया। जांच में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, नौकरशाहों और राजनेताओं की संलिप्तता सामने आई। ये सरकारी खजाने की बड़ी लूट थी। यह घोटाला मुख्य रूप से 1990 के दशक में हुआ। इस समय लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री थे। इसका खुलासा 1996 में तब हुआ, जब चाईबासा (अब झारखंड में) के उपायुक्त अमित खरे ने पशुपालन विभाग के दफ्तरों पर छापा मारा और फर्जी बिलों के जरिए धन निकासी की गड़बड़ी पकड़ी। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव को पांच मामलों में दोषी ठहराया गया। लालू प्रसाद यादव पशुपालन घोटाले के मामलों में लालू अब तक कुल सात बार जेल जा चुके हैं। चाईबासा ट्रेजरी से अवैध निकासी के मामले में 3 अक्टूबर 2013 को पहली बार उन्हें सजा मिली थी। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा, जगदीश शर्मा, आर.के. राणा जैसे नेताओं और अफसरों को भी इस मामले में सजा सुनाई गई। भ्रष्टाचार के ऐसे ढेरों मामलों के अलावा कांग्रेस लालू यादव के शासन के दौरान जंगल राज को भूल गई। लालू राज के दौरान अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई। अपहरण (किडनैपिंग) की वारदातें बढ़ीं। सड़क पर बढ़ती असुरक्षा भी इसमें शामिल थी। गुंडागर्दी और बाहुबल का प्रभाव थी। कई जगह दबंगों और बाहुबली नेताओं का वर्चस्व था। प्रशासन पर राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप लगे थे। अर्थव्यवस्था और विकास में गिरावट आंकी गई थी। उद्योग, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे की स्थिति कमजोर हुई थी। बिहार को देश के ह्लसबसे पिछड़े राज्योंह्व में गिना जाने लगा था। वर्ष 1992 से 2004 तक, अपहरण के कुल 32,085 मामले दर्ज किए गए थे। ऐसे कितने मामले दर्ज नहीं किए गए। बिहार पुलिस की वेबसाइट के अनुसार, 2001-2005 के बीच हत्याओं की संख्या 20,000 के करीब है। 90 के दशक में स्थिति का सिर्फ.अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

बिहार में दूसरा जंगलराज चुनावों में होने वाली हिंसा, बूथ कैप्चरिंग और धांधली से जुड़ा था, जिसका अंत भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने अपने कड़े चुनाव सुधारों से किया था। टी.एन. शेषन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त 1990झ1996 तक थे, तब उन्होंने इस सिस्टम को बदलने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए थे। बिहार में इन सुधारों का प्रभाव सबसे ज्यादा दिखा। इस दूसरे वाले जंगलराज में बदमाशों या राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे बूथ पर कब्जा करना, वोटिंग मशीन/बैलेट पेटी उठा ले जाना या खुद वोट डाल देना, वोटरों को धमकाना या बूथ से भगा देना जैसी चीजें शामिल थी।



चुनाव के दौरान हत्या और गोलीबारी आम थी। पुलिस पर भी हमले होते थे। कई जिलों में स्थानीय प्रशासन चुनाव के दौरान निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा पाता था। बाहुबलियों का सीधा प्रभाव चुनाव प्रक्रिया में दिखता था। शेषन ने पहली बार बूथों पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल तैनात किए गए, जिससे राज्य पुलिस पर निर्भरता कम कर दी गई। कांग्रेस ने लालू राज की इस सच्चाई को जानने के बावजूद राजनीतिक पैतरेबाजी से बिहार में सत्ता हासिल करने का नाकाम प्रयास किया। बिहार में वोट चोरी का अभियान चलाया गया। यह कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहा। एसआईआर प्रक्रिया में 65 लाख वोट हटा दिए गए। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर प्रतिबंध लगाने से इंकार कर दिया। इस मुद्दे का दम तब निकल गया जब एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान किसी भी पार्टी के एजेंट ने नाम हटाने पर ऐतराज तक नहीं किया। इससे जाहिर है कि कांग्रेस ने इसे सिर्फ हवाई मुद्दा बनाया। बिहार चुनाव में कांग्रेस के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं था, जिस पर मतदाताओं की मोहर लगवाई जा सके। कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ एक भी नजीर पेश नहीं कर सकी। कांग्रेस यदि गंभीर होती तो अपने शासित राज्यों में किसी एक का उदाहरण देकर मतदाताओं को विश्वास दिला सकती थी, कि वह भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति पर अमल करती है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि राजद जैसे दागदार क्षेत्रीय दलों की तुलना वह एक प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी है। सिर्फ एक राज्य में सत्ता के लिए भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से समझौता करने की भारी कीमत पूरे देश में चुकानी पड़ सकती है। यही कीमत दूसरे राज्यों के अलावा अब कांग्रेस ने बिहार में चुकाई है।



मोनिका डागा

## टेसू के फूल

कविता

टेसू के फूल लगते हैं बहुत प्यारे,
चटक चमकीले लाल नारंगी न्यारे,
₹जंगल की आग₹ भी ये है कहलाते,
अपनी ₹आनंद₹ रंगत देखो बिखराते ।

औषधिय दिव्य गुणों से है भरपूर,
आयुर्वेद का ये खजाना है मशहूर,
टेसू की खुशबू भी बहुत प्यारी,
बच्चों की हँसी मनमोहक न्यारी

चमचम करती मोती सी दंत पंक्ति,
एकता में हैं प्रगति की गूढ़ युक्ति,
सुयश कीर्ति जगत में बिखराना,
टेसू सा ही तुम हरदम मुस्काना ।

लड़ाई-झगड़ों से रहना सदा दूर,
सलाद फलों का रस लेना भरपूर,
राहों में तुम प्रेम छॉव बन जाना,
सपनों का अपने फलक छू जाना ।

हिम्मत साहस का बल रखना साथ,
संग-संग बढ़ना लेकर हाथों में हाथ,
तेजस्वी हो ओज अपना बढाओं,
कर्तव्यों में समर्पित भाव बसाओं ।

# उत्तराखंड में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए टॉप 6 डेस्टिनेशन, विंटर ट्रिप की बनेगी यादगार

सर्दियों में उत्तराखंड का सफर बर्फबारी का अद्भुत अनुभव कराता है, जहां औली, मुनस्यारी, चोपता, धनोल्टी, मसूरी और हर्षिल जैसे स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और बर्फ से ढके परिदृश्यों से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। ये स्थान स्कीइंग, ट्रेकिंग और शांत बर्फीले नजारों का आनंद लेने के लिए आदर्श हैं, जो इसे एक जादुई अनुभव बनाते हैं। सर्दियों में पहाड़ घूमने का एक अलग ही अनुभव होता है। सर्दियों के दौरान बर्फबारी का आनंद लेना या फिर ठंडी-ठंडी हवाओं में खो जाना किसी स्वर्ग से कम नहीं है। सर्दियों के दौरान उत्तराखंड जादुई सफेद राज्य बन जाता है। यहां पर पहाड़, जंगल और घाटियां बर्फ की मोटी चादर में ढक जाते हैं। हर साल दिसंबर से लेकर मार्च तक देशभर से लाखों लोग बर्फबारी देखने के लिए जरुर जाते हैं। अगर आप विंटर ट्रिप का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड के इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं।



यहां आपको एक अलग ही आनंद महसूस होगा।

**औली:** स्कीइंग के लिए सबसे लोकप्रिय जगह है औली है। यहां पर दिसंबर से मार्च तक भारी बर्फबारी देखने को मिलती है। इसके अलावा, एशिया की सबसे लंबी रोपवे राइड का अनुभव, नंदा देवी और हिमालयी चोटियों का अद्भुत अनुभव प्रदान करता है।

मुनस्यार मुनस्यारी को 'लिटिल कश्मीर' के नाम से प्रसिद्ध है। जनवरी से लेकर फरवरी तक यहां पर स्मोफॉल देखने को मिलती है। पंचाचूली पीक्स के शानदार नजारे देखने को मिलते हैं। यहां प्राकृतिक सुंदरता में आप खुद ही मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

**चोपता:** विंटर ट्रिप के लिए चोपता भी एक शानदार जगह है। यहां पर आप ट्रेकिंग कर सकते हैं, तुंगनाथ और चंद्रशिला ट्रेक बेहद ही शानदार है। जंगलों पर जमी बर्फ में आनंद लेने का एक अलग ही मजा आता है। इस दौरान फोटोग्राफी का एक अलग ही मजा आता है।

**धनोल्टी:** मसूरी के एकदम पास में ही धनोल्टी। यहां पर आपको एक शांत और कम भीड़-भाड़ देखने को मिलेगी। यहां पर स्नों स्पॉट पर भीड़ कम ही होती है। दिसंबर के अंत में अक्सर यहां पर फ्रेश स्नोफॉल देखने को मिलती है।

**मसूरी:** क्वीन ऑफ हिल्स के नाम से मशहूर मसूरी सर्दियों के दौरान बेहद ही सुंदर नजर आता है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक यहां पर बर्फबारी देखने को मिलती है। यहां पर लाल टिब्बा और गन हिल से बेहतरीन स्नो-व्यू देखने को मिलता है।

**हर्षिल:** गंगोत्री घाटी का शांत और स्वच्छ बर्फीला गांल है। यहां पर नवंबर से लेकर फरवरी तक लगातार बर्फबारी देखने को मिलती है। बर्फ से ढके देवदार के जंगल इसकी सुंदरता में चार-चांद लगा देते हैं।

# बच्चों को ये 3 चीजें खिलाना बंद करें, लिवर को हो सकता है गंभीर नुकसान

बच्चों के लिवर स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं ये 3 फूड्स, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट की सलाह है कि डीप फ्राईड, प्रोसेस्ड फूड्स, फ्रूट जूस और रिफाइंड सीड ऑयल का सेवन बंद कराएं क्योंकि ये फैटी लिवर का खतरा बढ़ाते हैं। खराब खानपान से बच्चों में फैटी लिवर, डायबिटीज और मोटापा बढ़ रहा है, खासकर स्ट्रीट फूड के अधिक सेवन से। बच्चों को सही भोजन के बारे में जागरूक करना महत्वपूर्ण है ताकि वे स्वस्थ भविष्य जी सकें।

6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी ! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण फैटी लिवर, डायबिटीज व मोटापा जैसी समस्या तेजी से फैल रही है। स्ट्रीट फूड का सबसे ज्यादा सेवन बच्चे ही करते हैं, जिससे उनकी सेहत जल्दी बिगड़ जाती है। बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए इन्हें सही और गलत फूड के बारे में जरुर बताएं। ज्यादातर पेरेंट्स बच्चे के खानपान पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। कुछ चीजों को हेल्दी सझकर खिलाते हैं। लेकिन ऐसे फूड हेल्दी न होकर बच्चों के लिवर को धीरे-धीरे बिगड़ने लगते हैं। आइए आपको बताते हैं 3 ऐसे फूड्स जो बच्चे की सेहत के लिए हानिकारक है।

**डीप फ्राईड फूड्स, प्रोसेस्ड फूड्स:** रोजाना बच्चों के फ्रेंच फ्राईज खिलाना या फिर बाजार से जंक फूड खिलाना कभी-कभी सेहत के लिए नुकसानदायक भी होता है। डीप फ्राईड फूड में खराब मात्रा वाले फैट्स पाएं जाते हैं। इसके साथ ही प्रिजरवेटिव्स की मात्रा भी इनमे काफी ज्यादा होती है। इन फूड्स में छिपी हुई मात्रा में फ्रक्टोज भी होता है। जो दस गुना तेजी से लिवर को नुकसान पहुंचाते हैं। इस तरह के फूड्स का सेवन बंद ही करा दें।

**फ्रूट जूस:** ज्यादातर लोग अपने बच्चे को फ्रूट जूस जरुर पिलाते हैं। कोई डॉक्टर इसे पीने की सलाह नहीं देते हैं। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट बताते हैं कि फ्रूट जूस सुनने में हेल्दी है। हालांकि, यह फ्रक्टोज से फुल होता है और इसमें जीरो फाइबर होता है। इस फ्रक्टोज को लिवर मेटाबोलाइज करके एनर्जी में बदल देते हैं। हालांकि, ज्यादा फ्रक्टोज को लिवर फैट में ट्रांसफर करता है और इससे फैटी लिवर का खतरा बढ़ता है।

**रिफाइंड सीड ऑयल:** आजकल हर घर में सनफ्लावर, कॉर्न या फिर सीड ऑयल से बनी हुई चीजें खिलाई जाती है, जो कि बच्चों के सेहत के लिए हेल्दी नहीं है। रिफाइंड सीड ऑयल ओमेगा 6 फैट्स से भरपूर होते हैं। जिनका असर लांग टर्म में लिवर की इन्फ्लेमेशन के रुप में दिखता है।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कुएं पर शौचालय का निर्माण रोकने के लिए अधिशासी अधिकारी को सोपा ज्ञापन



**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद,नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खिलाफ स्थानीय निवासियों ने आवाज उठाई है। उनका कहना है कि जगन्नाथ चौक पर स्थित पुराने कुएं पर नगर पालिका द्वारा शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, जिसे वे बिल्कुल नहीं चाहते। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन देने वालों में सुनील वालिया, सुशील वालिया, मनीष कर्णवाल, अनिकेत प्रजापति, नसीर अहमद, नरेंद्र कुमार शर्मा विनोद शुभम ग्रोवर अंकित प्रजापति मंगेश राजपूत शिवम अग्रवाल राजेश प्रजापति नमन अग्रवाल और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। उनका तर्क है कि यह कुआं ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है और इसके पास शौचालय बनाना अनुचित होगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इस निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

# एसएसपी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली देहात एवं गुलावठी परिसर में सुनी गयी जनसमस्याएं

बुलंदशहर शासन के निदेर्शानुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए आज दिनांक 22.11.2025 को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली देहात एवं गुलावठी परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी सहित पुलिस अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गंज क्षेत्र में की गई पैदल गश्त




**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना गंज के मुख्य बाजार, व्यस्त मार्गों, भीड़-भाड़ वाले चौराहों, बैंक/एटीएम क्षेत्र, तथा संवेदनशील पॉकेट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता, वर्दी अनुशासन एवं ड्यूटी निर्वहन की समीक्षा की गई। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति, यातायात व्यवस्था तथा स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली गई। जनता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, तथा चोरी/छीना-झपटी जैसे अपराधों पर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए।

# संजय शर्मा ने की मंत्री से कोचिंग सेंटर खुलवाने की मांग

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद।** क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए एक बड़ी पहल की है। उन्होंने सामाजिक कल्याण व अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरुण को एक औपचारिक पत्र लिखकर अपने अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र में तुरंत सरकारी कोचिंग सेंटर स्थापित करने की मांग की है। विधायक का कहना है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्रों को मुफ्त या अत्यधिक सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण कोचिंग मिल सकेगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। ?पत्र में विधायक ने उल्लेख किया कि उनके क्षेत्र के ग्रामीण और गरीब तबके के छात्र, शहरों में निजी कोचिंग की भारी फीस वहन नहीं कर पाते। इसके कारण वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे कि नीट/जेईई/एन डी ए/सी डी एस की तैयारी से वंचित रह जाते हैं। विधायक संजय शर्मा ने पत्र के माध्यम से मंत्री महोदय से आग्रह किया कि शिक्षा में समानता लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरे क्षेत्र में उच्च शिक्षा का स्तर बेहतर करने और युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए सरकारी कोचिंग सेंटरों की सख्त जरूरत है। इससे न केवल छात्रों का भविष्य सुधरेगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। विधायक संजय शर्मा ने सुझाव दिया कि सेंटर को स्थापित करने के लिए अनूपशहर स्थित डी पी बी एस डिग्री कॉलेज का उपयोग किया जा सकता है, जिससे बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त खर्च कम हो जाएगा। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि इस मांग को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द मंजूरी दी।

# अंतर महाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता में डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय सोयेपुर के 12 विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**(संतोष कुमार सिंह)**




**वाराणसी :-** सनबीम कॉलेज फॉर वुमेन भगवानपुर वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अंतर महाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता 2025 - 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में काशी विद्यापीठ से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया जो खेल भावना और शतरंज के प्रति उनकी गहरी रुचि को दशार्ता है प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या प्रभावशाली रही? बालिका वर्ग में सात महाविद्यालयों से कुल तीस छात्राओं ने प्रतिभाग किया जबकि बालक वर्ग में 14 महाविद्यालयों से कुल 48 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय सोयेपुर के कुल 12 विद्यार्थियों (6 छात्र और 6 छात्राओं) ने इस प्रतियोगिता में न केवल भाग लिया बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया बल्कि सामूहिक इवेंट में भी शीर्ष स्थान प्राप्त कियो बालक वर्ग की टीम ने सामूहिक प्रदर्शन में टीम विनर (प्रथम स्थान) का खिताब हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया तो वहीं ?व्यक्तिगत प्रदर्शन ?बालिका वर्ग में कृति गुप्ता ने चौथा स्थान प्राप्त किया और बालक वर्ग में अभिनव शुक्ला ने भी चौथा स्थान अर्जित कियो आयोजन समिति ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उनकी सफल भागीदारी के लिए बधाई दीं डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता में महाविद्यालय की खेल समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा विद्यार्थियों को प्रेरित करने उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने और मार्गदर्शन प्रदान करने में खेल समिति के ?अध्यक्ष अरविंद चौबे, ?सदस्य विकास कुमार प्रजापति, ?सदस्य डॉ.जूही श्रीवास्तव की महती भूमिका रही। महाविद्यालय के प्रबंधक नागेश्वर सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ?यह हमारे लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय के छात्रों ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ अंतर महाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता में इतनी शानदार सफलता अर्जित की हैं हमारे बालक वर्ग की टीम को टीम विनर (प्रथम स्थान) का खिताब जीतने पर मैं विशेष रूप से बधाई देता हूँ यह उपलब्धि न केवल आपके खेल कौशल,बल्कि आपकी एकाग्रता, रणनीति और सामूहिक प्रयास को दशार्ती हैं कृति गुप्ता और अभिनव शुक्ला द्वारा व्यक्तिगत प्रदर्शन में चौथा स्थान प्राप्त करना भी अत्यंत सराहनीय है।

# महेंद्र मेमोरियल अवार्ड 2025: जिला स्तरीय परीक्षा में 3500 से अधिक प्रतिभागियों में से 121 मेधावी छात्रों ने रचा नया कीर्तिमान

**वेलकम इंडिया**

**धनघटा(संतकबीरनगर)।** जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित महेंद्र मेमोरियल अवार्ड 2025 इस वर्ष एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ सम्पन्न हुआ। जिले के 70 से अधिक विद्यालयों के 3500 से अधिक छात्रों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया। इतनी बड़ी संख्या यह दशार्ती है कि जिले का शैक्षणिक परिवेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और छात्र प्रतिस्पर्धा को एक सकारात्मक अवसर के रूप में अपना रहे हैं। परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें पहले चरण में 3500 से अधिक पंजीकृत छात्रों में से केवल 651 छात्रों का चयन दूसरे चरण के लिए किया गया। यह चरण अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसने विद्यार्थियों की गहन तैयारी, विषय ज्ञान और तर्कशक्ति की वास्तविक परीक्षा ली। द्वितीय चरण की परीक्षा 16 नवंबर 2025 को गन्ना विकास इंटर कॉलेज, खलीलाबाद में पूर्णतः ऑनलाइन मोड में सम्पन्न की गई। यह आधुनिक व्यवस्था पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। तकनीकी टीम और आयोजन समिति के सटीक समन्वय ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा का प्रत्येक चरण सुचारु और त्रुटिरहित हो। 20 नवंबर 2025 को घोषित परिणाम के अनुसार कुल 121 छात्रों ने अंतिम चयन सूची में स्थान प्राप्त किया। इनमें कक्षा 10 के 65 तथा कक्षा 12 (ढउट और ढउइ दोनों स्ट्रीम) के 56 मेधावी छात्र शामिल हैं। यह चयन न केवल छात्रों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि जिले की शिक्षा-व्यवस्था की गुणवत्ता और प्रगति को भी दशार्ता है।

# नजीबाबाद के ईवा अस्पताल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत



**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** 22 नवंबर शनिवार नगर नजीबाबाद में माला नदी के समीप हरिद्वार रोड पर ईवा अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की हुई मौत परिजनों ने जमकर हंगामा काटा घटना की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर को दी गई। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल को सील करने की प्रक्रिया की जा रही थी। मृतका की मौत को लेकर

अस्पताल पर परिजनों के द्वारा हंगामा काटा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र नजीबाबाद के ग्राम जहानाबाद निवासी रतिराम की पत्नी कविता उम्र 32 वर्ष की डिलीवरी ईवा अस्पताल नजीबाबाद में हुई। डिलीवरी के दौरान महिला को अत्यधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण उसकी मौत हो गई महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा काटा और अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना पर पहुंचे उप जिला चिकित्सा अधिकारी केपी सिंह के द्वारा समाचार लिखे जाने तक अस्पताल को सील करने की प्रक्रिया की जा रही थी। मृतका के परिजनों द्वारा अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई जमकर हंगामा काटा गया भारी संख्या में ग्रामीण और भीम आर्मी के कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

महिला कविता की मौत सुबह 4:00 बजे होना बताया गया जब इसे परिजनों व अस्पताल के स्टाफ द्वारा समझौते की प्रक्रिया की जा रही थी लेकिन अत्यधिक डिमांड होने के कारण समझौता ना हो सका।

# नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून के आवास पर रोज एसआईआर का कैंप लगाया जायेगा



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने अपने आवास पर रकफ फॉर्म भरने मे लोगो को हो रही परेशानी को लेकर उरउ चलाने वाले लोगो बोलाया गया और इछड के साथ मीटिंग कि, नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून के आवास पर रोज रकफ का कैंप लगाया जायेगा जिसको भी फॉर्म भरना या कोई जानकारी चाहिए तो सना मामून कि कार्यालय पुहचे, नगर पालिका अध्यक्ष ने उरउ चलाने वाले के साथ मीटिंग की, जिसमें लोगों को फॉर्म भरने के लिए जागरूक करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उरउ चलाने वाले ने बताया कि वे लोगों को फॉर्म भरने में मदद करेंगे और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वे अपने फॉर्म समय पर भरें और आवश्यक दस्तावेज जमा करें।

इस मौके पर समाज सेवी मामून शाह खान, फैसल उरउ प्रबंधक वार्ड 31 सभासद फहीम अहमद, वार्ड 30 सभासद सुमित कुमार, अदील मिया, सिराज खान आदि मौजूद रहे।

# साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ मौर्या ने किया 222वाँ रक्तदान

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी:-** साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सौरभ मौर्या द्वारा उनका 222 वाँ रक्तदान संपन्न किया गया उन्होंने 22 नवम्बर शनिवार को अपना 168वाँ प्लेटलेट दान किया जबकि इससे पहले वे 54 बार व्होल ब्लड डोनेशन कर चुके हैं इस प्रकार कुल मिलाकर आज उनके द्वारा 222वाँ रक्तदान पूरा किया गया इस अवसर पर साधना फाउंडेशन के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम मौर्या ने भी समाजसेवा की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए अपना पहला प्लेटलेट दान किया यह उनके जीवन का पहला ऐसा अनुभव रहा जब उनके द्वारा किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिला उन्होंने इसे एक ऐसा कर्म बताया जो अनेक श्रेष्ठ कर्मों से भी बढ़कर है डॉ.सौरभ मौर्या ने बताया कि वर्तमान समय में वाराणसी में ब्लड एवं प्लेटलेट की भारी कमी है जबकि जरूरत लगातार बढ़ रही है ऐसे में उन्होंने संपूर्ण समाज से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वैच्छिक रक्तदान एवं प्लेटलेट दान के लिए आगे आएं ताकि किसी भी जरूरतमंद की जान सिर्फ खून की कमी के कारण न जाए साधना फाउंडेशन निरंतर जनसेवा एवं मानवता की दिशा में कार्यरत है और आने वाले समय में रक्तदान जागरूकता के लिए कई अभियान भी चलाएगा।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



जनपद बिजनौर नांगल सोती नांगल सोती। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा जिले भर में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान नांगल पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त – को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सरवन उर्फ श्रवण पुत्र चंद्रपाल निवासी तीसोतरा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सतेंद्र मलिक ने बताया कि युवक से प्लास्टिक के केन में रखी शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसें जेल भेज दिया है।

# मूर्ति देवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंध समिति के अध्यक्ष की जनशताब्दी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर के मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज में विद्यालय की प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष साहू रमेश चन्द जैन की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एम डी एस इण्टर कॉलेज एवं एम डी के वी इण्टर कॉलेज द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू अखिलेश जैन (मैनेजिंग ट्रस्टी भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली) का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। समारोह में एम डी एस कॉलेज, एम डी के वी कॉलेज एवं बाल मन्दिर के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन एम डी एस कॉलेज के छात्र पीयूष शर्मा व पार्थ अग्रवाल एवं एम डी के वी कॉलेज की छात्रा रसाल राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात दोनो विद्यालयों की पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि अखिलेश जैन द्वारा किया गया मुख्य अतिथि अखिलेश जैन ने दोनों विद्यालयों के प्रबन्धकों नीरज जैन तथा डॉ अतुल बहादुर सक्सैना की प्रशंसा की तथा दोनो विद्यालयों के प्रधानाचार्यों अनुपम माहेश्वरी व श्रीमती सुनीता चौधरी तथा बाल मन्दिर की प्रधानाचार्या श्रीमती अरूणा कौशिक की सराहना की। इस दौरान सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं की मुख्य अतिथि ने भर्सक प्रशंसा की।

# पहासू में मनाई झलकारी बाई की जयंती



**वेलकम इंडिया**

**पहासू** /बुलंदशहर शनिवार को पहासू कस्बा के मठ मन्दिर प्रांगण में वीरांगना झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम ने वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भूपेंद्र गौड़ ने बताया कि झलकारी बाई का जन्म एक साधारण कोली परिवार में हुआ था। वे एक साधारण सैनिक की तरह रानी लक्ष्मीबाई की सेना में शामिल हुई थी। लेकिन बाद में वह रानी लक्ष्मीबाई की विशेष सलाहकार एवं महिला सेना की सेनापति बनी और महत्वपूर्ण निर्णयों में भी भाग लेने लगी। उनका जीवन और विशेष रूप से ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ उनके लड़ने की कला को बुंदेलखंड ही नहीं बल्कि पूरा भारत हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर मलखान सिंह, देवेंद्र माहौर, पदम सिंह तौमर, दिनेश पुजारी, गुंजन माहौर रामप्रसाद कोरी, मनोज गर्ग, प्रेमानंद आदि मौजूद रहे। संचालन मलखान सिंह ने किया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यो में लापरवाही मिलने पर 02 बीएलओ व प्रधानाचार्य निलम्बित

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत विधानसभा रानीगंज के मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ बभनमई, प्राथमिक विद्यालय भागीपुर, प्राथमिक विद्यालय बीजेमऊ तथा विधानसभा पट्टी के मॉडल प्राइमरी स्कूल उडैय़ाडीह व प्राथमिक विद्यालय गड़ौरीखुर्द का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी, तहसीलदार रानीगंज, नायब तहसीलदार रानीगंज भी मौजूद रहे।

मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ बभनमई के औचक निरीक्षण में पाया गया कि गणना प्रपत्रों को घर-घर जाकर वितरण नहीं किया गया है और विद्यालय में सभी गणना प्रपत्र इकट्ठे देखकर जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ विनय कुमार शुक्ला (अध्यापक) व प्रणव उपाध्याय (शिक्षा मित्र) को कड़ी फटकार लगायी तथा मौके पर इन्चार्ज प्रधानाचार्य हिमांशु त्रिपाठी अनुपस्थित मिले। डीएम ने गणना प्रपत्रों को वितरण न करने व आनलाइन फार्म न भराने के कार्यो में लापरवाही बरतने व प्रधानाचार्य के अनुपस्थित मिलने पर बीएलओ व प्रधानाचार्य को निलम्बित करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार डीएम ने प्राथमिक विद्यालय भागीपुर, प्राथमिक विद्यालय बीजेमऊ, मॉडल प्राइमरी स्कूल उडैय़ाडीह व प्राथमिक विद्यालय गड़ौरीखुर्द के औचक निरीक्षण किया जिसमें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य चल रहे थे और लोगों के आनलाइन व आफलाइन फार्म भराये जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण की प्रगति, मतदाताओं से संपर्क तथा जमा किए गए प्रपत्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध असलहा, कारतूस व नकदी बरामद

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना गुलावठी पुलिस द्वारा मुअसं-376/25 धारा 318(3),303(2) बीएनएस व मुअसं-357/25 धारा 318(3),303(2),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त फरीद को ग्राम नत्थूगढ़ी जाने वाले रास्ते से 01 अवैध असलहा मय 01 जिन्दा कारतूस व नकदी सहित फरीद पुत्र अल्लावक्स निवासी ग्राम बिलासपुर थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर (हाल पता हाजी यासीन की बिल्डिंग कस्बा व थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 550/25 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# महेज 15 दिन में बनी रोड़ की उखड़ने लगी बजरी

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** जिले के ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत कोढ़ैय्या में 15 दिन पहले स्त्रर्द्ध विभाग की तरफ से जो रोड बनाई गई है। उसमें घोर लापरवाही और भ्रष्टाचारी सामने आई है। निर्माण की हुई रोड की 5 दिन ही रोड की बजड़ी उखाड़ने लगी। कम तारकोल और घटिया सामग्री की वजह से रोड का हाल बेहाल हो गया।

खबर वायरल होते ही ठेकेदार के द्वारा आनन फानन में रोड पर झाड़ू ?लगाकर साफ कर दिया गया और उखड़ी हुई बजड़ी को रोड से ही हटा दिया गया और जहां रोड पर गड्ढे दिखाई दिए उन्हें भरवा दिया गया, जब एक हफ्ते में यह हाल है तो आगे 5 साल तक या रोड कैसे चल पाएगी। ना ही सही तरीके से पड़ा डामड और ना ही गिट्टी। एक हफ्ते के अंदर रोड उखड़ने लगी। सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी थी आई थी, लेकिन निर्माण में मानकों की अनदेखी होने से ग्रामीण नाराज है। ग्रामीणों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारो ने मानकों का ध्यान नहीं रखा और आनन फानन सड़क निर्माण करा दिया। सड़क निर्माण के तुरंत बाद से ही उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जो गिट्टी डालनी चाहिए नहीं डाली गई। यह सड़क ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो हमारे गांव को सड़क दी, पर भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सड़क निर्माण में काफी भ्रष्टाचार किए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

सड़क निर्माण में काफी भ्रष्टाचार हुआ है। सड़क मानक के अनुसार नहीं बनी है, जिस ठेकेदार ने बनवाया है, उसका भुगतान रूकवाने के साथ उसपर कार्रवाई होनी चाहिए.।

## सार संक्षेप

### गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में श्री नाथ मंदिर व आश्रमों पर अवैध कब्जे के आरोप लगाए



**गोवर्धन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीनाथ जी मंदिर व आश्रम पर अवैध कब्जा और चोरी का गंभीर आरोप लगा है। सेवादार गोविंद दास का कहना है कि नरहरिदास द्वारा चोरी, धमकी और मारपीट की घटनाएँ हुईं, और पुलिस ने शिकायत के बावजूद उनके ही खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर दी। पीड़ित ने निष्पक्ष जाँच, अवैध कब्जा हटाने और सुरक्षा की माँग की है। सेवादार गोविंद दास का कहना है कि वह लगभग 7 वर्ष की आयु से अपने गुरु हरिमोहन दास जी की सेवा में लगे हुए हैं सन 2020 में गुरु के देहावसन के बाद में आश्रम की सेवा में पूर्ण निष्ठा से कार्यरत हैं। लेकिन कुछ समय पूर्व नरहरी दास शिष्य विश्वरूप दास निवासी वन बिहारी घेरा आन्यौर गोविन्द कुंड द्वारा आश्रम का गौशाला पर अवैध कब्जा कर लिया गया है व मंदिर की रसोई में से सामान्ठाकुर जी के वस्त्र आभूषण आदि उनकी अनुपस्थिति में बेच दिए हैं। 2025 में गुरु के वार्षिकोत्सव पर भी नरहरी दास द्वारा भजन कीर्तन भंडारे के कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न किया गया व आसामाजिक तत्वों को लाकर उनको धमकी दी गई। जिसकी शिकायत पुलिस में करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है पुलिस भी पक्षपात पूर्ण रवैया अपना रही है इस संबंध में प्रार्थी ने एसएसपी मथुरा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### आज होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लगभग 300 लाभार्थियों का सामूहिक विवाह का आयोजन आज 23 नवंबर 2025 को धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया है कि सभी ब्लॉक और नगर निकायों से लगभग 300 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आयोजन में सभी माननीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण की गई है और 23 नवंबर को विवाह का आयोजन धौली प्याऊ रेलवे ग्राउंड में किया जाएगा।

### जदयू नेता राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव ने उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की



**वेलकम इडिया/एहसान अंसारी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में ठऊअ की शानदार जीत के बाद 20 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शपथ ग्रहण करते ही एक पूरी दुनियां में सुर्खियों में रहे। शनिवार को एनडीए के सहयोगी दल राष्टीय लोक मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा से बांका जिला के प्रसिद्ध समाज सेवक जदयू पार्टी राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव ने मुलाकात करके बधाई दी। ओंकार यादव बिहार में एनडीए की शानदार जीत पर अहम भूमिका निभाई है। बांका जिला के सभी पांचों सीटों पर एनडीए को जीत मिली है जिसमें ओंकार यादव की अहम भूमिका रही। ओंकार यादव ने उपेन्द्र कुशवाहा से बांका जिला के कई मुद्दों पर बातचीत किया जहां पलायन रोकने के लिए जिला में रोजगार पर विशेष ध्यान बात की है ।

# संजय शर्मा ने की मंत्री से कोचिंग सेंटर खुलवाने की मांग

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद.(अनूपशहर)।** क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए एक बड़ी पहल की है। उन्होंने सामाजिक कल्याण व अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरुण को एक औपचारिक पत्र लिखकर अपने अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र में तुरंत सरकारी कोचिंग सेंटर स्थापित करने की मांग की है।

विधायक का कहना है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्रों को मुफ्त या अत्यधिक सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण कोचिंग मिल सकेगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। ?पत्र में विधायक ने उल्लेख किया कि उनके क्षेत्र के ग्रामीण और गरीब तबके के छात्र, शहरों में निजी कोचिंग की भारी फीस वहन नहीं कर पाते। इसके कारण वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे कि नीट/जेईई/एनडीए/सीडीएस की तैयारी से वंचित रह जाते हैं।

विधायक संजय शर्मा ने पत्र के माध्यम से मंत्री महोदय से आग्रह किया कि शिक्षा में समानता लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरे क्षेत्र में उच्च शिक्षा का स्तर बेहतर करने और युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए सरकारी कोचिंग सेंटरों की सख्त जरूरत है। इससे न केवल छात्रों का भविष्य सुधरेगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा।

विधायक संजय शर्मा ने सुझाव दिया कि सेंटर को स्थापित करने के लिए अनूपशहर स्थित डी पी बी एस डिग्री कॉलेज का उपयोग किया जा सकता है, जिससे बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त खर्च कम हो जाएगा। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि इस मांग को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द मंजूरी दी।

## ओवरलोडिंग ट्रक ने तोड़े बिजली के खंभे विद्युत आपूर्ति हुई ठप्प

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र में जहांगीराबाद रोड़ पर ओवर लोडिंग वाहनों की भरमार चल रही है। एक गन्नों से भरे ट्रक से बिजली के चार पांच खम्भे टूट गये और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। शुक्रवार की रात में अहार की ओर से किसी गन्ना तौल केन्द्र से ओवरलोडिंग में गन्ना भरकर जहांगीराबाद चीनी मिल के लिए जा रहा था जैसे ही मगदमां मोड़ पर पहुंचा सड़क पार कर रही विद्युत लाइन गन्नों में उलझ गयी जिससे एक विद्युत जोड़ा के दो पोल टूट गये और अधिक खींच जाने से एक खेत में खड़े दो भी टूटकर गिर गये। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई किसी ने सूचना बिजली घर पर दी जिससे सप्लाई बंद हो सकी। आज शनिवार को दोपहर बाद बिजली कर्मचारी टूटे हुए खम्भों की जगह नये खम्भे गाड़ रहे थे तभी एक और ट्रक गन्नों से भरा हुआ चीनी मिल जा रहा था तभी वह भी टूटी लाइन में उलझने लगा। राहगीरों ने शोर मचाया ट्रक रुक गया।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया/राजेन्द्र सिंह**

**बुलंदशहर।** खानपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में थाना दिवस संपन्न हुआ।

आपको बता दें थाना दिवस शनिवार को खानपुर थाने में लगाया गया जिसमें राजस्व विभाग की चार शिकायत आई चारों शिकायत जमीन से संबंधित है और सभी शिकायतों पर मौके पर टीम भेजी गई है इस अवसर पर खानपुर थाना प्रभारी ने सर्दी मौसम को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन फरियादियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है उन्होंने आश्वासन दिया की समस्याओं का निवारण जल्द ही करा दिया जाएगा।

# किसान-मजदूर के साथ अन्याय नहीं होने देंगे: जीते चौहान



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** किसानों और मजदूरों के साथ कथित अन्याय के खिलाफ आज बृजघाट वन विभाग कार्यालय पर जोरदार घेराव किया गया। यह प्रदर्शन दोपहर 12 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से चलता रहा। पंचायत की अध्यक्षता मेरठ मंडल महासचिव दिनेश त्यागी ने की, जबकि संचालन की ज़िम्मेदारी मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने निभाई। इसी दौरान छुट्टी पर चल रहे रेंजर करण सिंह भी मौके पर पहुंचे और किसानों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अपने डिप्टी रेंजर तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

उन्होंने खनन और प्रतिबंधित पेड़ों के कटान पर भी पूर्ण रूप से रोक लगाने का भरोसा दिलाया। संगठन ने फिलहाल धरने को स्थगित किया है और वन विभाग को एक दिसंबर तक समस्या के समाधान का समय दिया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार किसानों का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बृजघाट वन विभाग कार्यालय में डीएफओ हापुड़ से वार्ता करेगा। मौके पर गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक और बृजघाट चौकी इंचार्ज सहित पुलिस बल तैनात रहा।

इस दौरान मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह चौहान उर्फ गुजराल, मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी, मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह, सेवाराम, सुनील चौहान, राजू ठाकुर, मनोज प्रधान, धर्मवीर सिंह आदि रहे।

# बारातियों को स्टंट बाजी करना पड़ा भारी पुलिस ने की आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** शिकारपुर नगर में शुक्रवार देर शाम आई बारात में हुडदंगियों ने स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशों से बाहर निकलकर की स्टंटबाजी और हुड़दंग शुरू कर दिया कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने स्टंट बाजी करने वाले युवकों को गाड़ी सहित हिरासत में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बारात बुलंदशहर से शिकारपुर के सवा मैरिज होम में आई थी उससे पहले ही शिकारपुर नगर के खुर्जा बस स्टैंड पर इन हड़दंगियों ने स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे से बाहर निकाल कर स्टंट बाजी और हुड़दंग बाजी शुरू कर दी जिस पर पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है स्कॉर्पियो गाड़ी को पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम फरदीन पुत्र सिराज निवासी 40 फुटा रोड तेलीवाड़ा बुलंदशहर रिहान पुत्र शकील शाहिब पुत्र आस मोहम्मद राशिद पुत्र नूर मोहम्मद गुलफाम पुत्र कलुआ शानिब पुत्र युसूफ निवासी उपरोक्त शाह खान पुत्र नासिर निवासी गांव कलौली थाना बुलंदशहर देहात

बारातियों को हरदंग और स्टंट बाजी करने पर दावत की जगह मिली हवालात की हवा पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से स्टंट बाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया है कि सात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए चालान किया गया है।

# लाइंस क्लब प्रयागराज प्रमिला ने कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए निर्मल कार्यक्रम केजीएफ विला प्रयागराज में आयोजित किया

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** लाइंस क्लब प्रयागराज प्रमिला ने कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए निर्मल फंडरेइजर कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अर्पणधर दुबे ने किया। इस अवसर पर फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लाइन पीएमजेएफ उदय चंदानी जी, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ उमेश कक्कड़ जी, रीजन चेयरपर्सन सविता अग्रवाल जी और जोन चेयरपर्सन वंदना दुबे जी भी शामिल थे, एक्सटेंशन चेयरपर्सन लायन माधवी अग्रवाल और लायन पीएमजेएफ लायन अरुणा अस्थाना जी शामिल हुई।

इस कार्यक्रम में एक विशेष डॉक्टर टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसके विशेष अतिथि थे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत के न्यूरोसर्जन डॉक्टर दलजीत सिंह जी। इसमें डॉक्टर पल्लवी सिंह, डॉक्टर अनुभा श्रीवास्तव, डॉक्टर विभोर गुप्ता, और डॉक्टर वृंदा जी ने भी हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा लायन तृप्ति पवार जी ने एक लियो क्लब के उद्घाटन की घोषणा की, जिसका नाम रेनबो होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की वर्कशॉप कराई गई, जो कि सीएनसी बाय जया मनोहर द्वारा कराई गई थी। इस वर्कशॉप को सफल बनाने में अंशिका जी, अनिका जी, हंशिका जी, पल्लवी जी, प्रियंका जी और अनुपम जी ने भागीदारी निभाई और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी कराई गई, जैसे सिंगिंग, डांसिंग और इंस्ट्रूमेंटल प्रतियोगिता, जिसके जजेस थे आतमजीत सिंह, वर्षा अग्रवाल जी, तनिश सिंह और वंदना दुबे जी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को फर्स्ट, सेकंड और थर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 100 से ज्यादा बच्चों ने इसमे भाग लिया ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे क्लब के हर सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान है। इस कार्यक्रम में शामिल थीं हमारे क्लब की लायन आयुषी अग्रवाल, लायन रजनी द्विवेदी, लायन सुमैया आलम, लाइन मुमल सिंह, लाइन पल्लवी अग्रवाल, लायन सोनल अग्रवाल, लायन मीना अरोरा, और लायन धनांशी अग्रवाल।

क्लब की अध्यक्षा लायन तृप्ति पंवार, सचिव लायन आयुषी अग्रवाल तथा कोताध्यक्ष लायन जया मनोहर ने प्रण लिया है कि वो इस तरह के कार्यक्रम समाज सेवा के लिए हमेशा करती रहेंगी।

## दादा पोते को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक पर ट्रैक्टर सवार ने एक दादा पोते को टक्कर मार दी। जिसमें 15 वर्षीय किशोर घायल हो गया आसपास के लोगों ने घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मुजफ्फरनगर जनपद निवासी परमिंदर अपने 15 वर्षीय पोते बंसी के साथ कस्बे के सरकारी अस्पताल में दौरा पड़ने की दवाई लेने के लिए आ रहा था। दादा, पोता जैसे ही थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचे तो विपरीत दिशा से जा रहे हैं ट्रैक्टर चालक ने दादा पोते को टक्कर कर मार दी। हादसे में 15 वर्षीय किशोर बंसी गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पलिया में कार्यक्रम, मुख्य अतिथि रहे प्रदेश सचिव रेहान खान

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नेता जी की जयंती पर पलिया विधानसभा कार्यालय में शनिवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन ने की। कार्यक्रम की शुरूआत नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और दो मिनट के मौन के साथ हुई। सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यालय पहुँचते रहे और नेता जी को नमन करते रहे ।समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव रेहान खान उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि नेता जी की राजनीति की शक्ति जनता का भरोसा और संगठन की मजबूती थी।

रेहान खान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि समाजवादी विचारधारा को घरझघर तक पहुँचाएँ और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करें ।विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी कक्कू ने कहा कि नेता जी ने कार्यकताओं को परिवार की तरह सम्मान दिया और संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नेता जी के सरल और संघर्षपूर्ण जीवन को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम में पलिया विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर, ब्लॉक महासचिव राजा खान, सईद अहमद, संजीव मिश्रा, शरीफ, चंदन चौकी, विधानसभा उपाध्यक्ष रिजवान खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए आयोजकों ने आधा दर्जन दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिलें वितरित कीं। ट्राईसाइकिल पाकर लाभार्थियों और उनके परिवारों ने प्रदेश सचिव रेहान खान को तहेदिल से धन्यवाद दिया।

## नंदनी गौ सदन का निरीक्षण: उच्च अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला प्रतिष्ठित गौ-पालक रणवीर सिंह जसाला के नंदनी गौ सदन का सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपनी विभागीय टीम के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गौशाला की समस्त व्यवस्थाओं, स्वच्छता, पोषण प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन प्रणाली एवं गायों के संरक्षण व्यवस्था का विस्तृत रूप से जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान गौशाला में उत्तम नस्ल की गायों के वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से किए जा रहे प्रबंधन की अधिकारियों ने सराहना की। अपर निदेशक ने कहा कि ह्लऐसे मॉडल गौ-पालन केंद्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं और किसानों को आधुनिक पशुपालन की दिशा में प्रेरित करते हैं ।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने टीकाकरण, पशु चिकित्सा सेवाओं एवं पोषण उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया।

# ग्रामीणों को कैटल रन ओवर से रेल संचालन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में किया गया जागरुक

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरूद्ध कुमार के मार्ग दर्शन में झांसी मंडल द्वारा रेल ट्रैक पर मवेशियों के आने की घटनाओं और उससे होने वाले रेलवे के नुकसान के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए प्रयास जारी हैं।

आज दिनांक 22.11.25 को सहायक इंजीनियर/लाइन/झाँसी श्री सुनील सिंह एवं फढऋ के अरक श्री आर. के. अहिरवार द्वारा तुगलकन डेरा, मुरेरा तथा सोनागिर स्टेशन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को मवेशियों के रन ओवर की रोकथाम एवं इसके सुरक्षित रेल संचालन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके तहत दतिया - सोनागिर रेल खंड के रेल ट्रैक के पास बसे ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस नाटक के माध्यम से आस-पास के गाँव में जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया गया कि वह रेलवे पटरी पर मवेशी न चराएं।

ग्रामीणों को समझाया गया कि इससे मवेशी की जान माल को नुकसान के साथ ही ट्रेनों के संचालन में भी समस्या आती है. पशुओं के रेलवे ट्रैक पर आने से लोको में खराबी भी आ सकती है . इससे यातायात के सुगम सञ्चालन पर विपरीत प्रभाव पडता है. ट्रेन के समय पालनता में भी गिरावट आती है और यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों को इससे काफी समस्या होती है।

मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने मवेशियों को रेलवे ट्रैक के पास न आने दें. मवेशियों के ट्रैक पर आने से यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेन संचालन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## सार संक्षेप

### श्राइन बोर्ड मेडिकल कॉलेज में दाखिले को लेकर यूनाइटेड हिंदू फ्रंट का धरना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**नई दिल्ली।** यूनाइटेड हिंदू फ्रंट द्वारा माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में उठाई गई आपत्तियों को लेकर रविवार 23 नवंबर को करावल नगर स्थित शिव विहार तिराहे पर धरने का आयोजन किया जा रहा है। संगठन द्वारा प्रवेश नियमों की समीक्षा की मांग की गई है ।यह प्रदर्शन संतों के मार्गदर्शन में और यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल की अध्यक्षता में होगा ।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षामंत्री, उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर, मुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर तथा श्राइन बोर्ड के सीईओ को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा ।कार्यक्रम विवरण दिनांकः 23 नवंबर, 2025समयः प्रातः 11 बजे सेस्थानः शिव विहार तिराहा, करावल नगर संगठन ने मीडिया संस्थानों से कार्यक्रम के कवरेज हेतु प्रतिनिधि और छायाकार भेजने का आग्रह किया है।

### हिन्दू मुस्लिम एकता समिति ने सुनी जनसमस्याएं



**झांसी।** हिन्दू मुस्लिम एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान को बार बार सूचना मिल रही थी कि बार्ड नम्बर 33 के बकरा मण्डी की जनता पानी के लिए बहुत परेशान हैं आज मोहम्मद इमरान खान ने खुद मौके पर जाकर जनता की बुनियादी समस्याऐ सुनी जिसमें मौके पर मौजूद पण्डित श्याम तिवारी , अयूब खान, दिलदार, तबस्सुम खान बरिष्ठ समाज सेवीका , सलीम, नरेंद्र, राजकुमार रवि साहू मुन्नन खान आदि लोगों ने बताया कि इस छेत्र में जनता पीने के पानी के लिए बहुत परेशान हैं नल बहुत मददे आते हैं बो भी कुछ मिनटों के लिए जिस कारण हम सभी पानी के लिए बहुत तकलीफ झेल रहे हैं सभी लोगों की एक ही मांग रही की जल्द से जल्द पानी की दूसरी पाईप लाईन विछाई जाऐ जिससे कि जनता को समय पर पीने का पानी प्राप्त हों इस पर हिन्दू मुस्लिम एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने जनता को भरोसा दिलाया कि हिन्दू मुस्लिम एकता समिति माननीय जिलाधिकारी झांसी को पत्र लिखकर बहुत जल्दी पानी की पाईप लाईन विछाने का कार्य कराने में सफल होंगी।

### सीएचसी का एसीएमओ का औचक निरीक्षण, लगाई फटकार



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** शनिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एडिशनल सीएमओ अतुल बंसल एवं विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में साफझसफाई की व्यवस्था, वार्डों की स्थिति और रखरखाव दुरुस्त पाए जाने पर अधिकारियों ने चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह की जमकर सराहना की और उनकी पीठ थपथपाई ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दो कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित मिले, जिस पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया। खासतौर पर अकाउंटेंट मुकेश कुमार के अनुपस्थित मिलने पर दोनों अधिकारी भड़क गए। उन्होंने तत्काल वेतन रोकने के निर्देश जारी करते हुए चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। अस्पताल के एक अन्य डॉक्टर द्वारा हिंदू रक्षा संगठन के कार्यकताओं की शिकायत पर एप्लीकेशन लिखने को भी अधिकारियों ने अनुचित माना और इस संबंध में भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है ।अचानक पहुंचे अधिकारियों के निरीक्षण से अस्पताल परिसर में डॉक्टरों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# पारीछा तापिय परियोजना मे बैडमिंटन प्रीमियर लीग की शुरूआत की गई



**वेलकम इंडिया**

**पारीछा ( झांसी)।** पारीछा तापिय परियोजना में बैडमिंटन प्रीमियर लीग की शुभ शुरूआत की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि अभियंता श्री राम नरेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक अभियंता श्री अनीश कपूर एवं महाप्रबंधक अभियंता श्री अनुग्रह रवि सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन अभियंता अभिषेक कुमार, अभियंता अंकित प्रकाश, अभियंता प्रभात उमराव, अभियंता शैलेश शुक्ला आदि की टीम द्वारा किया गया।

परियोजना परिवार ने इस खेल प्रतियोगिता को उत्साहपूर्वक आरंभ कर स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

### कार्यक्रम में निम्न की उपस्थिति रही

अधीक्षण अभियंता दिवाकर शुक्ला
अधीक्षण अभियंता मनोज वागीश
अधीक्षण अभियंता डी. के. सिंह
अधीक्षण अभियंता सुजीत सिंह
अधीक्षण अभियंता राकेश सिंहअधिशासी अभियंता शिल्पी अरोरा
अधिशासी अभियंता के के वर्मा

# डीएम ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के एसआईआर का किया स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विधानसभा 314-धनघटा अंतर्गत विकासखंड नाथनगर, विकासखंड हैंसर व विकासखंड पौली में एसआईआर से संबंधित हो रहे फीडिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने देखरेख एवं पर्यवेक्षण में सभी बीएलओ को निर्देशित करें कि घर-घर जाकर फॉर्म भरवा कर जमा कराएं।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही करने वाले सभी संबंधित अधिकारी दंडित किए जाएंगे, एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है इसको निर्धारित समय अवधि में प्राथमिकता पर कराया जाए।

# विशाल भंडारे के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** शनिवार को श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर के चौदहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

आपको बता दें कि बख्शी का तालाब क्षेत्र के चंद्रिका देवी रोड पर छोटी देवरई गांव स्थित श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम धाम से विशाल भंडारे के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में सुबह साढ़े आठ बजे गणेश पूजन व साढ़े नौ बजे शनि महाराज का तेलाभिषेक भी किया गया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा



**क्या बोलें मुख्य पुजारी :** मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद्र शास्त्री ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का विशाल भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया ।यह वार्षिकोत्सव चौदहवां वार्षिकोत्सव है।

मंदिर में आए भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। दूर दराज से लोग पूजा अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं।

# एमआईटी में टेकफेस्ट-2025 का भव्य आयोजन, छात्रों ने दिखाया नवाचार का दम

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में टेकफेस्टझ2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. गौरव शर्मा, भावना जैन, अजय चौधरी और डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ एमआईएच अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

फेस्ट में बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीकॉम, फामेर्सी और मैनेजमेंट के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कुल 6 तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपने नवाचारी विचार और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

हैकथॉन में 44 टीमों के 108 छात्रों ने प्रतिभा दिखाई, जिनमें 12 बाहरी कॉलेजों की टीमें भी शामिल रहीं। टेक्निकल क्विज में 46 टीमों के 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मॉडल प्रेजेंटेशन में 32 टीमों के 75 छात्रों, पोस्टर प्रेजेंटेशन में 32 टीमों के 66 प्रतिभागियों और प्रोजेक्ट डेमोंसट्रेशन (सॉफ्टवेयर) में 45 टीमों के 121 छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। वहीं आइडिया पिचिंग में 51 छात्रों ने तकनीकी आइडिया प्रस्तुत किए।आइडिया पिचिंग में प्रिंस कुमार (बीटेक सीएस) प्रथम, संभव (बीसीएझतृतीय वर्ष) द्वितीय और आकाश चौधरी (बीसीएझद्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे।

क्विज में प्रथम वंश राठी (बीसीएझद्वितीय वर्ष), द्वितीय अविरल (बीसीएझतृतीय वर्ष) और तृतीय स्थान पर बीटेक सीएसई के आकाश कुमार, अभिज्ञान दीपक एवं अंश कुमार रहे।

पोस्टर प्रेजेंटेशन में तरन्नुम सैफी व शफकत परवीन (बीएससीझकेमिस्ट्री) प्रथम रहीं। दूसरा स्थान करण कुमार, सनी चौधरी एवं अर्चना कुमारी (बीएससीझएग्रीकल्चर) को मिला, जबकि तीसरा स्थान अनु कुमारी, अंशु कुमारी और अन्विता कुमारी को मिला।

मॉडल प्रतियोगिता में शिवम कुमार (मैकेनिकलझतृतीय वर्ष) ने स्पाइडर रोबोट मॉडल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान बीएससी एग्रीकल्चर के तहसीम जावेद, ताज और यमन को हाइड्रोपोनिक्स मॉडल के लिए मिला, और तीसरा स्थान ईसीई के नागेंद्र कुमार व नितीश कुमार को स्मार्ट एग्री ऑटोमेटिक टोल गेट के लिए मिला।

# खुशियों के पलों को नमो भारत ट्रेन में सेलिब्रेट कर बनाएँ और भी खास

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की है जहाँ लोग अपने जीवन के विशेष और महत्वपूर्ण अवसरों का उत्सव नमो भारत ट्रेन में मना सकेंगे। चाहे जन्मदिन हो या प्री-वेडिंग या खुशी का कोई और खास पल, एनसीआरटीसी मौका दे रहा है इन्हें देश की प्रथम सेमी हाई स्पीड ट्रेन, नमो भारत में सेलिब्रेट करने का यानी अब किफायती खर्च में नमो भारत के साथ लोग बना सकेंगे ज़िंदगी के पलों को और भी यादगार ।

नमो भारत कोच, इस तरह के विशेष आयोजनों के लिए एक खास एवं अलग सा स्थान प्रदान करते हैं। एनसीआरटीसी की इस पॉलिसी के अंतर्गत अब कोई भी व्यक्ति, इवेंट या वेडिंग ऑर्गनाइजर, और फोटोग्राफी या मीडिया कंपनियाँ ऐसे आयोजनों के लिए किसी स्टेशन पर खड़ी हुई या ट्रैक पर परिचालित नमो भारत कोच की एडवांस बुकिंग कर सकते हैं। कोच बुकिंग के ये विकल्प लोगों को एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं जहाँ वह भारत की प्रथम रीजनल रेल के अंदर, इसके आकर्षक इंटीरियर डिजाइन और 160 किमी प्रति घंटे की गति के साथ अपने समारोह को ऐसे अनुभव में बदल दें जो जिंदगी भर के लिए यादगार बन जाएँ।

नमो भारत देश की सबसे तेज गति की रीजनल रेल है, नवीनतम तकनीकों से लैस ट्रेन का अत्याधुनिक डिजाइन इसे शहरी परिवहन के एक उज्जवल भविष्य के रूप में स्थापित करता है। आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ साउथ जैसे एनसीआर के मुख्य स्थानों पर निर्मित इसके स्टेशन लोगों को मौका देते हैं कि वे इस पहल द्वारा बच्चों के लिए यादगार जन्मदिन सेलिब्रेशन से लेकर एक अनोखे प्री-वेडिंग शूट तक, एक अनोखे अंदाज में इन पलों का उत्सव मना सकें।

इसके लिए फोटोग्राफी टीम, इवेंट ऑर्गनाइजर या व्यक्तिगत रूप से एक आसान आवेदन प्रकिया द्वारा ट्रेन का कोच आरक्षित किया जा सकता है। साथ ही, दुहाई डिपो में स्थित एक मॉक-अप कोच भी शूट के लिए उपलब्ध है।इस पहल के अंतर्गत कोच बुक करने का चार्ज ?5,000 प्रति घंटे से शुरू होता है। बुकिंग करने के बाद लोगों को कोच को अपनी पसंद और जरुरत के अनुसार सजाने का भी विकल्प दिया गया है जिसके लिए एनसीआरटीसी बुकिंग से 30 मिनट पहले (कैमरा, इक्विपमेंट आदि लगाने या सजावट करने के लिए) और बुकिंग के 30 मिनट बाद (सजावट आदि हटाने के लिए) का अतिरिक्त समय प्रदान करेगा। इन समारोहों के लिए सुबह 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक के बीच का समय निर्धारित किया गया है और इनका आयोजन इस प्रकार किया जाएगा कि नियमित ट्रेन परिचालन या यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इन समारोहों को एनसीआरटीसी स्टाफ और सुरक्षा कर्मचारियों की निगरानी में आयोजित किया जाएगा जिससे इसमें सम्मिलित लोगों और प्रॉपर्टी की सुरक्षा तथा ऑपरेशन प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

नमो भारत से प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। इन सबकी अपनी अलग-अलग कहानियाँ होती हैं, किसी का किस्सा जुड़ा होता है उसकी यात्रा से, किसी का अपनों से मिलने का और किसी की कहानी होती है उसके सपनों के उड़ान की।

# चिल्ड्रंस एकेडमी में फिटनेस आफ्टर फिफ्टी एट यूथ हार्ट का सम्मान समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** वाराणसी में पहली बार फिटनेस आफ्टर फिफ्टी एट यूथ हार्ट का सम्मान समारोह का आयोजन कमच्छा स्थित चिल्ड्रंस एकेडमी में किया गयो यह कार्यक्रम मनीषा चतुर्वेदी ने अपने पच्चासवें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया है जिसमें उनके द्वारा पच्चास वर्ष से ज्यादा की उम्र के व्यक्ति बीमारी मुक्त और दवा रहित हो उन सभी लोगों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें की मनीषा चतुर्वेदी ने एप्लॉम्ब हैल्थ केयर लिमिटेड कंपनी की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सभी गणमान्य आगंतुकों को किया सम्मानित।

न्यू बर्ग पैथलॉजी लंका की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम में आये हुए सभी अथितियों की जांचे भी की गयीं गुब्बारा फुलाकर लोगों के हृदय की क्षमता की भी जाँच किया गया साथ ही वहां उपस्थित लोगों का मैडिटेशन भी कराया गया जिससे लोगों ने स्वयं को तनाव मुक्त महसूस कियो कार्यक्रम में मनीषा चतुर्वेदी के द्वारा एप्लॉम्ब हैल्थ केयर लिमिटेड कम्पनी के उत्पादों के बारे में लोगों को बताया गया` कार्यक्रम में डॉ संध्या गुप्ता, वीणा अग्निहोत्री सहित सभी लोगों ने एप्लॉम्ब के लिए अपने-अपने विचार को सांझा किया वहीं मनीषा चतुर्वेदी ने अपनी पचास वर्षों की स्वरचित आत्मकथा को लोगों के बीच साझा किया जिसको सुनकर लोगों ने उनकी सराहना किया` कांता मालू, अंजू खेमानी, मंजू पासी, आशुतोष चतुर्वेदी, ए.के. श्रीवास्तव सहित एप्लॉम्ब हैल्थ केयर लिमिटेड ब्रांच मैनेजर राहुल पांडेय उपस्थित रहे।

मनीषा चतुर्वेदी ने अपने पच्चासवें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर दुगार्कुण्ड स्थित वृद्धाश्रम जाकर वृद्ध माताओं का आशीर्वाद लिया और आश्रम में सभी माताओ को हिटिंग पैड दिया जिससे उन्हें ठंड में राहत मिल सके` मनीषा जी ने बताया की वहां की व्यवस्था को देखकर मैं जिलाधिकारी सत्येंन्द्र कुमार से अनुरोध करती हूं कि वहां की देखरेख को और बेहतर किया जाए और साफ सफाई का भी ध्यान दिया जाए साथ ही कहा की बहुत बहुत धन्यवाद है एमडी पुष्कर मिश्रा का और सभी सहयोगियों का जिनके साथ और सहयोग से ये पुनीत कार्य सम्पन्न हुआ।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची मात्र दो शिकायत

**कांधला।** शासन के दिशा निर्देश पर शनिवार को थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादों ने अपनी समस्याएं रखी? अधिकारियों ने समस्याएं सुनकर निस्तारण के लिए टीम गठित कर फरियादियों को कार्रवाई आश्वासन दिया है।शनिवार को थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उप निरीक्षक सुभाष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मौहल्ला खेल निवासी महिला मुस्कान ने तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस के लोग पीड़िता व उसके परिवार से रंजिश रखते हुए गली-गली मारपीट करते हैं। दूसरी और गांव भनेड़ा निवासी सूरजवीर ने बताया कि उसके पड़ोस के लोग उसके घर के बराबर में फर्नीचर की दुकान करते हैं और खुले में रखकर फर्नीचर के समान पर रंग पेंट का कार्य करते हैं।

# कान्हा गौशाला को वर्ल्ड रिकॉर्ड के बाद अब जीएमपी सर्टिफिकेट भी

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर द्वारा संचालित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला को पैरामाउण्ट क्वालिटी सर्टिफिकेशन दिल्ली/लंदन ने ह्यगुड मैनुफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज सर्टिफिकेटह्व (जीएमपी सर्टिफिकेट) प्रदान किया है। गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने यह सर्टिफिकेट आज यहां महापौर डॉ. अजय कुमार को भेंट किया। निगम की कान्हा गौशाला देश की ऐसी पहली गौशाला बन गई है जिसे ह्यजीएमपी सर्टिफिकेटह्व प्राप्त हुआ है। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

गौशाला प्रभारी व नगर निगम के पशु चिकित्सा एव कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने महापौर को बताया कि यह सर्टिफिकेट पैरामाउण्ट क्वालिटी सर्टिफिकेशन दिल्ली/लंदन द्वारा गौशाला में निर्मित किये जा रहे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तथा बेहतर प्रबंधन के लिए दिया गया है। उन्होंने बताया कि गोशाला को पूर्व में भी आईएसओ प्रमाणन, आईबीआर एचीवर अवार्ड एवं सर्वाधिक गो-उत्पाद निर्मित करने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ मिश्रा के मुताबिक आईएसओ प्रमाणन, आईबीआर एचीवर अवार्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा जीएमपी सर्टिफिकेट से सम्मानित होने वाली कान्हा उपवन गौशाला विश्व की पहली गौशाला बन गयी है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के मार्गदर्शन मे गौशाला में 25 से अधिक गो-उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं जिसमें दूध, घी, छाछ के अलावा गोबर से प्राकृतिक पेंट, बच्चों के खिलौने, ओम, स्वास्तिक, धूप बत्ती, हवन स्टिक, उपले, गो-काष्ठ, प्राकृतिक गुलाल, पंचगव्य साबुन, वर्मी कम्पोस्ट, दिए, गणेश-लक्ष्मी व शिव जी की प्रतिमा, गाय-बछड़े की मूर्ति, संभरानी कप, राखी, नेम प्लेट, तोरण द्वार, तिरंगा चेस्ट बैज, कमल का फूल तथा बायो गैस और गो मूत्र से गोअर्क व गोनाइल आदि सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला जहां विलुप्त हो चुकी बैलगाड़ी संस्कृति को पुनः जीवित करते हुए बच्चों को गो-संवर्धित परिसर में घुमाने के लिए मॉडर्न बुलक कार्ट बनाई गई है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार कब्जे से कच्ची शराब बरामद




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने तीनों जनपद के पुलिस थानों को निर्देश दे रखे हैं कि क्षेत्र में किसी भी तरह का मादक पदार्थ व शराब तस्करी ना होने पाए। मादक पदार्थ तस्करों व शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पुलिस लगातार मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाकर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना क्षेत्र के यूपी हरियाणा बॉर्डर स्थित गांव इस्सोपुरटील के निकट एक व्यक्ति कच्ची शराब की तस्करी कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर गंगेरू चौकी प्रभारी भारी विक्रम भाटी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी करते हुए एक शराब तस्कर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर शराब तस्कर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब वह उपकरण बरामद हुए। पूछताछ के दौरान शराब तस्कर ने अपना नाम नरेश निवासी ग्राम इस्सोपुरटील बताया है। पुलिस ने शराब तस्कर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर अभियोग दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तस्करों के विरुद्ध निरंतर अभी आने जारी रहेगा।

# सफाई कर्मचारी का नाले में कूड़ा डालते वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी के द्वारा सड़क से कुड़ा इकठ्ठा कर नाले में डालते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।वायरल वीडियो से कस्बे के लोगों ने सफाई कर्मचारी के प्रति रोष बना हुआ है। वार्ड सभासद ने सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को कस्बे के वार्ड नंबर सात के सभासद वकील अहमद ने एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करते हुए बताया है कि नगर पालिका का कर्मचारी उनके वार्ड में सफाई करने के लिए आया हुआ था।

सफाई कर्मचारियों ने सड़क से कूड़ा इकट्ठा कर नाले में डाल दिया। जिसका वीडियो किसी वार्ड के सदस्य ने बनाकर वार्ड सभासद को भेजा है। सभासद का कहना है की सफाई कर्मचारी के द्वारा की गई हरकत से नगर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यही नहीं आने वाले समय में लोगों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। वार्ड सभासद सहित नगर के कई लोगों ने सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि बीते कई माह से लगातार नगर पालिका परिषद चचाओं में बनी हुई है पालिका अध्यक्ष पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। और कर्मचारियों पर भी कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं इसके बावजूद पालिका के कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है की सफाई कर्मचारी की जांच के आदेश दिए हैं, जांच कर उक्त कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने ससुराल वालों से बताया जान का खतरा, लगाई सुरक्षा की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी महिला ने अपने ससुरालयों पर गाली गलौज करते हुए। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी महिला समा पत्नी नसीम ने बताया कि तीन महा पूर्व उसके पति और उसके बच्चों पर उसके ससुराल वालों ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया था। पीड़िता ने दो महा पूर्व इलाज कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तभी से उसके ससुराल वाले पीड़िता उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। शनिवार को पीड़िता ने जेठ, जेठानी सास ससुर और देवर पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांक्लेव में पढ़े गए 150 से भी ज्यादा शोध पत्र



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डेयरी साइंस और फूड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रांगण में विर्गो फाउंडेशन के तत्वावधान में इंटरनेशनल कॉन्क्लेव ऑन पेटेंट इन्वेंटिव स्टेप्स का आयोजन 22 नवंबर शनिवार को कामधेनु सभागार में संपन्न हुओ कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय के मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में भारत राष्ट्र का अविश्वरणीय योगदान रहा है` भारतीय ज्ञान परंपरा के परिदृश्य में भारत के संत और ऋषियों ने अत्यंत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने कहा कि भारत देश में श्रुति परंपरा के अनुरूप गुरु शिष्य के बीच समन्वय के साथ ज्ञानार्जन किया जाता था` हमने दुनिया को बहुत सारी अनुपम भेंटों से पल्लवित पुष्पित किया है भारत देश ने शून्य से लेकर हवाई जहाज तक के उड़ान को सृजित किया है।

आवश्यकता इस बात की है कि हमारे युवा अपने राष्ट्र के समृद्ध विरासत को जाने और भारत को एक बार एक बार पुनः विश्व पटल पर प्रकाशमान करें` इस अवसर पर उन्होंने भारतीय ऋषियों द्वारा उद्घाटित अनेक तथ्यों पर चर्चा की और कहा कि आज समय की मांग है कि हमारे शिक्षक बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में विद्यार्थियों और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करें।

## जिलाधिकारी ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों के साथ की बैठक दिए कड़े निर्देश

**बुलंदशहर।** वर्तमान में गन्ना पैराई के सत्र में जनपद के किसानों को गन्ने की तोल कराने एवं भुगतान किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इस संबंध में शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति ने वीसी के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों, गन्ना विभाग, बांट माप विभाग सहित सम्बंधित विभागों के साथ बैठक की। बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी अपनी तहसील क्षेत्रांतर्गत गन्ना क्रय केंद्रों का राजस्व विभाग एवं गन्ना विभाग की संयुक्त टीम बनाकर घटतौली की जांच कराई जाए। घटतौली मिलने पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराए। सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र के 10 प्रतिशत केंद्रों का स्वयं निरीक्षण करें। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने पाएं इसके लिए शासन, प्रशासन के द्वारा तत्परता से कार्य किए जा रहे हैं। यह भी निर्देश दिए गए कि गन्ना क्रय केंद्रों पर तोल के समय किसानों के साथ मधुर व्यवहार रखा जाए। बांट माप अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी केंद्रों पर जांच करें सुनिश्चित करें।

## अधिवक्ता पुत्र हत्याकांड में स्कूल प्रबंधक के आरोपित पुत्र की उन्मोचन प्रार्थना पत्र खारिज



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** बहुचर्चित अधिवक्ता पुत्र हेमंत पटेल हत्याकांड में आरोपित स्कूल प्रबंधक के पुत्र को कोर्ट से राहत नहीं मिली इस हत्याकांड में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तृतीय) पूनम पाठक की अदालत ने आरोपित खुशहाल नगर, नटिनियांदाई निवासी स्कूल प्रबंधक के पुत्र राज विजयेंद्र सिंह उर्फ राज विजेंद्र सिंह उर्फ रवि की उन्मोचन प्रार्थना पत्र सुनवाई के बाद खारिज कर दी साथ ही अदालत ने इस मामले में आरोप तय करने के लिए अगली सुनवाई के लिए 4 दिसंबर 2025 की तिथि नियत कर दी अदालत में वादी की ओर से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, चंद्रबली पटेल व संदीप यादव ने पक्ष रखा।

प्रकरण के अनुसार सिंधौरा निवासी वादी कैलाश चंद्र वर्मा एडवोकेट ने शिवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि 22 अप्रैल 2025 को दिन में लगभग एक बजे खुशहाल नगर, नटिनियांदाई निवासी आरोपित राज विजयेंद्र सिंह उर्फ राज विजेंद्र सिंह उर्फ रवि ने अपने मोबाइल से प्रार्थी के पुत्र हेमंत पटेल के मोबाइल पर फोन कर अपने विद्यालय बुलाया` साथ ही वादी के पुत्र को लाने के लिए शशांक एवं किशन नामक दो व्यक्तियों को भेजा जिस पर उसका पुत्र हेमंत अपने दादा की बाइक से शशांक और किशन के साथ विद्यालय जाने के लिए निकला।

## बीएलओ की लापरवाही पर भाजपा अध्यक्ष व सभासद की कड़ी शिकायत

**कांधला।** कस्बे में एसआईआर के तहत चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में गंभीर लापरवाही सामने आने पर भाजपा नगर अध्यक्ष और वार्ड सभासद ने उप जिलाधिकारी शामली को विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के अनुसार बूथ संख्या 307 पर तैनात बीएलओ राकेश कुमार अब तक एक भी दिन वार्ड में पहुंचे नहीं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएलओ ने न तो किसी नागरिक को फॉर्म उपलब्ध कराए और न ही फार्म से संबंधित कोई जानकारी देने के लिए घर-घर संपर्क किया। इससे सैकड़ों लोगों के नाम जुड़वाने और संशोधन कराने में भारी परेशानी हो रही है।वार्ड 11 के सभासद प्रदीप भार्गव ने बताया कि बीएलओ का मोबाइल नंबर भी अधिकांश समय स्विच ऑफ मिलता है, जिससे लोगों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। वार्ड के लोगों ने भी इस लापरवाही को लेकर जोरदार नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की।

# डॉक्टर डांस वीडियो वायरल प्रकरण, हिंदू रक्षा संगठन ने की कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर व युवती के द्वारा बंद कमरे में डांस किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तूल पकड़ता जा रहा है। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के कार्यकताओं ने डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन चिकित्सा अधिकारी को सौंपा।

इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। कस्बे के सरकारी अस्पताल में कई दिन पूर्व डॉक्टर का युवती के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

वायरल वीडियो लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष अनमोल मित्तल अपने दर्जनों लोगों के साथ सरकारी अस्पताल में पहुंचे और बंद कमरे में डांस कर रहे डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर ज्ञापन सोपा। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के कार्यकताओं के द्वारा अस्पताल में किए गए हंगामे को लेकर अपराध अफरा, तफरी का माहौल बन गया।मौके पर पुलिस टीम भी बुलाई गई। और अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि ज्ञापन मिला है उच्च अधिकारियों को भेज दिया है।

# सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा





**हापुड़।** जनपद के सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के द्वारा हापुड़ नगर के बथेस्डा क्रिश्चियन एकेडमी, चंद्रलोक कॉलोनी, हापुड़ में एक व्यापक और बहुविशेषता निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और छात्रों एवं स्टाफ को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।इस शिविर का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों एवं कर्मचारियों में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर निदान करना था, ताकि समय पर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। सरस्वती हॉस्पिटल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के अपने प्रयासों के अंतर्गत ऐसे सामाजिक अभियानों का निरंतर आयोजन करता रहा है।शिविर में जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, ईएनटी, दंत चिकित्सा, बाल रोग और श्वसन रोग विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। टीम ने कक्षा आठ तक के लगभग पांच सौ तीस और चालीस स्टाफ सदस्यों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण में दृष्टि जांच, कान-नाक-गला मूल्यांकन, दंत जांच, श्वसन तंत्र मूल्यांकन, बाल रोग परामर्श तथा सामान्य वाइटल मॉनिटरिंग शामिल रहे।

जिन बच्चों में किसी विशेष स्वास्थ्य समस्या के संकेत मिले, उन्हें विस्तृत जांच हेतु सरस्वती हॉस्पिटल में रेफर किया जाएगा। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल द्वारा बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आवश्यक परीक्षण सहज रूप से संपन्न हो सकें।विद्यालय प्रशासन ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानाचार्या बेल्सी और हेड मास्टर सत्यपाल के समन्वय में सभी छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से जांच हेतु प्रस्तुत किया गया, जिससे शिविर पूरी तरह व्यवस्थित और प्रभावी रूप से संचालित हो सका। वहीं, सरस्वती हॉस्पिटल की ओर से नर्सिंग सुपरिटेंडेंट अहलया ससीदरण, मार्केटिंग मैनेजर डॉ.मनोज गोविल, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन तथा सहयोगी टीम ने अपनी जिम्मेदारियाँ उत्कृष्ट रूप से निभाई।सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेतृत्व जनरल मैनेजर एन.वर्धराजन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन रघुवर दत्त मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ.वाई.सी. गुप्ता ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सामाजिक दायित्व का सशक्त उदाहरण बताया और पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ.जे.रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन श्रीमती राम्या रामचंद्रन ने शिविर के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और टीम के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।यह स्वास्थ्य शिविर न केवल तत्काल स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में प्रभावी रहा, बल्कि बच्चों और स्टाफ में स्वास्थ्य जागरूकता को भी प्रोत्साहित किया।

# आरकेजीआईटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**वेलकम इंडिया**



**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजीआईटी में आई. ई. ई. ई. द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय ₹एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन₹ विषय पर पंचम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 21-22 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. कुसुम यादव (यूनिवर्सिटी ऑफ हेल, सऊदी अरबिया) ने शोधार्थियों को एज कंप्यूटिंग के उभरते आयामों, उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों तथा उद्योग में बढ़ती मांग के बारे में जानकारी देते हुए इस क्षेत्र में नवाचार आधारित शोध करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. एम. ए. अंसारी (जी.बी.यू., ग्रेटर नोएडा) ने मशीन लर्निंग की आधुनिक एल्गोरिथम और वास्तविक जीवन में उनके उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न तकनीकी सत्र और इंटरैक्टिव सेशंस का भी आयोजन किया गया, जिनमें विशेषज्ञों ने उभरती तकनीकों, अनुसंधान पद्धतियों तथा उद्योगझअकादमिक सहयोग की संभावनाओं पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। इन सत्रों ने शोधार्थियों में नवाचार, तकनीकी समझ और भविष्य की शोध दिशा के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित किया। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में शोधकताओं ने 21-22 नवंबर को 226 शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया, जिनका प्रकाशन आई ई ई ई एक्सप्लोर में किया जाएगा।

इस संगोष्ठी में वेलिडिक्टरी सेशन के गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ अफजल सिकंदर (एन आई टी, जलंधर), संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने संयोजक डॉ आर के यादव एवं डॉ अमित सिंघल तथा विभाग के सभी सदस्यों को बहुत शुभकामनाएं दी एवं सभी सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. के. पी. जयंत, डॉ रोबिन अब्राहम, निधि मल्होत्रा, डॉ नेहा गोयल, डॉ गगनजोत कौर, देवेश गर्ग, डॉ शमीर्ला, अनुज कुमार, रेनू रानी, अनिल वर्मा, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. निशि पाठक, वैभव शर्मा, सचिन त्यागी, दीपक कुमार, डॉ पवन गोयल, सरिता सिंह, डॉ प्रियंका त्यागी, हस्मत उस्मानी आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नव्या मोदी ने वंचित बालिकाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** वंचित बालिकाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से नव्या मोदी ने अपनी मित्रों रिहाना, अरजोई, काइरा और ज़िया के साथ मिलकर एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। यह परियोजना गिन्नी मोदी डिग्री कॉलेज में संचालित की जा रही है, ताकि लाभार्थियों को एक सुरक्षित और सहयोगपूर्ण सीखने का वातावरण मिल सके। नव्या, मानव मोदी की पुत्री और डीके मोदी की पोती, ने इस पहल का नेतृत्व किया और क्राउडफंडिंग के माध्यम से सिलाई मशीनें दान करने के लिए आवश्यक धनराशि जुटाई। इस परियोजना का उद्देश्य इन बालिकाओं को ऐसे व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, जिनसे वे भविष्य में स्वावलंबी बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। नव्या और उनकी मित्र हर सप्ताह मोदीनगर आकर इन बालिकाओं को हाथों-हाथ प्रशिक्षण देंगी, ताकि वे सिलाई से जुड़े आवश्यक कौशल आत्मविश्वास के साथ सीख सकें और निखार सकें। इस पहल के बारे में बात करते हुए नव्या ने कहा कि उन्हें आशा है कि ह्लयह केंद्र उन युवा बालिकाओं के लिए एक ऐसा स्थान बनेगा जहाँ वे आत्मविश्वास, कौशल और अपने भविष्य को संवारने का अवसर प्राप्त करें।

# संसद भवन का अवलोकन कर मोदीनगर के बुजुर्ग हुए रोमांचित



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के बुजुर्गो की एकमात्र पंजीकृत संस्था वरिष्ट नागरिक संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा जी के दिशा निर्देशन तथा मोदीनगर-बागपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सांसद डा0 राजकुमार सांगवान के सौजन्य से संस्था से जुड़े लगभग 50 बुजुर्गो ने शुक्रवार को दिल्ली भ्रमण के दौरान संसद भवन सहित कई ऐतिहासिक व दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। संसद भवन में कुछ देर बैठकर बुजुर्ग गदगद व रोमांचित हुए। संस्था के मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद पंत के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने हरी झंडी दिखाकर बस को दिल्ली के लिए रवाना किया। उन्होंने बुजुर्गो को समाज की धरोहर बताते हुए कहा कि समाज व देश को देश के बुजुर्गो के दीर्घकालीन अनुभवों का भरपूर सहयोग उठाना चाहिए। शाहबुद्दीन व सतीश गुप्ता एडवोकेट आदि ने इस भ्रमण कार्यक्रम को अविस्मरणीय बताते हुए सांसद डा0 राजकुमार सांगवान का हार्दिक आभार जताया। इस अवसर पर विरेंद्र गुप्ता, अशोक सिरोही, वीके गुप्ता, अरूण जैन, डा0 आशाराम गुप्ता, एनके ग्रोवर सहित अन्य बुजुर्ग मौजूद थे।

# पिलखुवा पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपने-अपने राम कार्यक्रम में भी हुए शामिल





**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के पिलखुवा के रामलीला मैदान में शनिवार को अपने-अपने रामकथा का वातावरण पूरी तरह भक्ति, संस्कृति और उत्साह से भर गया।अपने अपने राम कथा में रामभक्तों ने कथा का भाव विभोर होकर आनंद लिया। राम कथा में डॉक्टर कुमार विश्वास ने बताया कि राम कथा सबसे पहले भगवान शंकर जी ने माता पार्वती जी को सुनाई थी। कथा में भगवान राम और उनकी माता और शबरी द्वारा भगवान श्री राम को अपने झूठे बेर खिलाने का विवरण आया तो सभी राम भक्त भाव विभोर हो गए। मंच का संचालन डॉ वागेश दिनकर ने किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सिडको अध्यक्ष वाईपी सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, अशोक गोयल, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, कैप्टन विकास गुप्ता, गढ़ विधायक हरेंद्र तेवतिया, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।समाजवादी पार्टी का जनाधार खिसक चुका है, सपा हार के बहाने खोज रही है। ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पिलखुवा पहुंचे।पिलखुवा में छिजारसी टोल प्लाजा पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का भाजपाइयों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। बृजेश पाठक पिलखुवा में चल रही राम कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।पिलखुवा के रामलीला मैदान में कुमार विश्वास द्वारा प्रस्तुत अपने-अपने राम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। रामकथा में पहुंचकर डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए अखिलेश यादव के एसआईआर पर दिए बयान कि एसआईआर से सपा की वोट काटी जा रही हैं पर बोले डिप्टी सीएम कि एसआईआर पर निर्णय बहुत अच्छा लिया है और भारत का हर नागरिक चाहता है कि सुव्यवस्थित और पारदर्शिता पूर्ण चुनाव हो ओर भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जिनका जनाधार खिसक चुका है वो कोई ना कोई बहाना खोजते हैं। और समाजवादी पार्टी उसी हार के बहाने को खोज रही है।

# आओ प्रभु के द्वार, पाओ खुशियों का उपहार का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मोदीनगर द्वारा भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम ह्लआओ प्रभु के द्वार, पाओ खुशियों का उपहारह्व का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय निवासियों में शांति, सकारात्मकता एवं आध्यात्मिक जागृति लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका मोदीनगर के *माननीय चेयरमैन विनोद वैशाली ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज में आध्यात्मिक मूल्यों और चरित्र निर्माण के लिए निरन्तर उत्कृष्ट कार्य कर रही है।कार्यक्रम का मंच संचालन अत्यंत सराहनीय रूप से श्री सुमित वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी और सुव्यवस्थित संचालन से पूरे कार्यक्रम को आकर्षक और प्रभावशाली बनाया।माउंटआबू राजस्थान से आई बी. के. उर्मिला दीदी द्वारा अमृत-वाणी, राजयोग ध्यान एवं सकारात्मक जीवन शैली पर प्रेरक प्रवचन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभूति का लाभ उठाया। अंत में संस्था की ओर से सेंटर इंचार्ज बी. के. नीतू दीदी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर योगेन्द्र शर्मा, सीताराम मीणा , रामेश्वर दयाल, कवयित्री मनीषा 'शिखर', बे.के.कुंतेश, वर्षा, शालू, आरती आदि बहने, अभय, लविश आदि उपस्थित रहे।

# कौशल आधारित शिक्षा मॉडल पर अधूरी जाँच पर निर्वाण फाउंडेशन ने उठाए सवाल, पुनः जांच की मांग

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ने जिला अधिकारी को लिखे एक पत्र में कौशल आधारित शिक्षा मॉडल पर अधूरी जाँच पर पर सवाल उठाते हुए पुणे जांच व निर्णय लिए जाने की मांग की है।ईश्वर चंद्र ने जिला कौशल विकास मिशन द्वारा विद्यालयों में कौशल-विकास आधारित शिक्षा लागू करने संबंधी आवेदन पर अधूरी और तथ्यहीन रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का आरोप लगाया है।निर्वाण फाउंडेशन ने जिलाधिकारी को भेजे गए रिमांडर पत्र में इस रिपोर्ट पर गंभीर आपत्तियाँ उठाई हैं और पूरे प्रकरण की पुनः विस्तृत जाँच कराए जाने की मांग की है। फाउंडेशन के अनुसार, दिनांक 06 नवंबर को जनसुनवाई पोर्टल पर कौशल-विकास एवं जीवनोपयोगी शिक्षा मॉडल लागू करने का विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया था। इसके जवाब में 21 नवंबर को जिला कौशल विकास मिशन की ओर से एक संक्षिप्त आख्या अपलोड की गई, जिसमें न तो किसी प्रकार का स्थल निरीक्षण दिखाया गया, न संबंधित अभिलेखों की जाँच का उल्लेख किया गया और न ही विषय पर कोई ठोस टिप्पणी की गई। फाउंडेशन ने आरोप लगाया है कि रिपोर्ट में मात्र ह्लविषय कौशल विकास मिशन से संबंधित नहीं है।

# मोदी कॉलेज के छात्रों का डॉक्टर के एन मोदी यूनिवर्सिटी में शैक्षिक भ्रमण



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदी कॉलेज के 200 छात्रों ने डॉक्टर के एन मोदी यूनिवर्सिटी का शैक्षिक भ्रमण किया। वीसी ऋषिकेश डॉ धर्मेंद्र सिंह डॉक्टर निखिल सिरोही हरिंदर सिंह ल्फ ने छात्रों को यूनिवर्सिटी में जितने नए कोर्सेज खुले हैं।इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट मैकेनिक ए आई एजुकेशन डिपामेंट डिग्री कोर्सेज डॉक्टरेट कोर्सेज एमबीए कोर्सेज बीसीए एमसीए कोर्सेज बी ए एम ए बा सभी का विस्तार से बताया कि छात्रों को इस यूनिवर्सिटी से बहुत राहत मिलेगा छात्रों को जहां इस यूनिवर्सिटी से बेस्ट एजुकेशन के साथ-साथ बेस्ट प्लेसमेंट भी दुनिया में होने के लिए तैयार किया जाएगा। डॉक्टर केएन मोदी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफेसर डीके मोदी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा यह बच्चे उच्च कोटि की एजुकेशन इस यूनिवर्सिटी से प्राप्त करेंगे अब छात्रों को कहीं दूर नहीं जाना होगा। उन्होंने सभी छात्रों को ट्वेल्थ बोर्ड 2025 26 सत्र के लिए शुभकामनाएं दी छात्रों ने कैंपस में विभिन्न जगहों का भ्रमण किया स्विमिंग पूल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट एजुकेशन डिपार्टमेंट मंदिर हॉस्टल लाइब्रेरी आदि सभी का भ्रमण किया और फैकल्टी ने बच्चों से क्वेश्चन भी किया। जिसका बच्चों ने बहुत गहनता के साथ उत्तर दिया ऐसे बच्चों को उन्होंने सम्मानित भी किया और उनके साथ गए प्रिंसिपल डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल और अध्यापक रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा प्रवीण जेनर राजीव सिंह आरके वर्मा और हरी ओम त्यागी का सम्मान किया।

# एमआईटी में टेकफेस्ट 2025 का भव्य आयोजन, छात्रों ने दिखाया नवाचार का दम

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ (अनिल वशिष्ठ)।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में टेकफेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. गौरव शर्मा, भावना जैन, अजय चौधरी और डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ एमआईएच अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। फेस्ट में बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीकॉम, फामेर्सी और मैनेजमेंट के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कुल 6 तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपने नवाचारी विचार और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हैकथॉन में 44 टीमों के 108 छात्रों ने प्रतिभा दिखाई, जिनमें 12 बाहरी कॉलेजों की टीमें भी शामिल रहीं। टेक्निकल क्विज में 46 टीमों के 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मॉडल प्रेजेंटेशन में 32 टीमों के 75 छात्रों, पोस्टर प्रेजेंटेशन में 32 टीमों के 66 प्रतिभागियों और प्रोजेक्ट डेमोंसट्रेशन (सॉफ्टवेयर) में 45 टीमों के 121 छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। वहीं आइडिया पिचिंग में 51 छात्रों ने तकनीकी आइडिया प्रस्तुत किए। आइडिया पिचिंग में प्रिंस कुमार (बीटेक सीएस) प्रथम, संभव (बीसीएझतृतीय वर्ष) द्वितीय और आकाश चौधरी (बीसीएझद्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। क्विज में प्रथम वंश राठी (बीसीएझद्वितीय वर्ष), द्वितीय अविरल (बीसीएझतृतीय वर्ष) और तृतीय स्थान पर बीटेक सीएसई के आकाश कुमार, अभिज्ञान दीपक एवं अंश कुमार रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन में तरन्नुम सैफी व शफकत परवीन (बीएससीझकेमिस्ट्री) प्रथम रहीं। दूसरा स्थान करण कुमार, सनी चौधरी एवं अर्चना कुमारी (बीएससीझएग्रीकल्चर) को मिला, जबकि तीसरा स्थान अनु कुमारी, अंशु कुमारी और अन्विता कुमारी को मिला। मॉडल प्रतियोगिता में शिवम कुमार (मैकेनिकलझतृतीय वर्ष) ने स्पाइडर रोबोट मॉडल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान बीएससी एग्रीकल्चर के तहसीम जावेद, ताज और यमन को हाइड्रोपोनिक्स मॉडल के लिए मिला, और तीसरा स्थान ईसीई के नागेंद्र कुमार व नितीश कुमार को स्मार्ट एग्री ऑटोमेटिक टोल गेट के लिए मिला। हैकथॉन में प्रथम स्थान अंकुश राज (बीटेक), द्वितीय स्थान आकाश पाठक, कशिश त्यागी, दिव्या, अंश और तनु की टीम तथा तृतीय स्थान आरव सैनी, शिवम और इकरा की टीम को मिला। टीम कैटेगरी में आइडिया पिचिंग में प्रिंस, रूपम, प्रशांत और सागर प्रथम, संभव द्वितीय तथा आकाश चौधरी तृतीय रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार के नगद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कुल 35 हजार की पुरस्कार राशि प्रतिभागियों में वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान परिसर में उत्साह, रचनात्मकता और तकनीकी नवाचार का जीवंत माहौल देखने को मिला।

# नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ऐंठने वाले 2 बदमाशों को नोएडा थाना फेस 1 पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,गाजियाबाद।** जिला गौतमबुद्धनगर के थाना फेस 1 पुलिस ने 2 ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो भोले भाले लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठने का काम करता करते थे। गिरफ्तार बदमाशों के ऑफिस घटनाओं में प्रयुक्त सामान को बरामद किया गया है। दक्षिण भारत के बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को पदार्फाश किया। सेक्टर-चार के मकान में चल रहे कॉल सेंटर में छापेमारी कर दोनों सरगना को दबोच लिया गया। आरोपियों ने 150 से अधिक लोगों के साथ ठगी करने की बात मानी है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि फेज वन थाना प्रभारी को ठगी करने वाले कॉल सेंटर की सूचना मिली थी। इसे पकड़ने के लिए बनाई गई टीम ने कॉल सेंटर पर छापा मारा। यह चार मंजिला मकान के दूसरे तल पर चल रहा था।



पुलिस ने वहां से मेरठ निवासी अनुज कुमार और उसके साथी शामली निवासी रोमेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों फर्जी कॉल सेंटर के सरगना हैं और अभी दिल्ली के न्यू अशोकनगर में रह रहे। कार्रवाई के समय चार युवतियां बेरोजगारों को कॉल करने में व्यस्त थीं। उन्हें नहीं पता था कि अनुज और रोमेश उनसे ठगी करवा रहे हैं। युवतियों को इसी महीने नौकरी पर रखा गया था। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि युवतियों को 12 से 15 हजार रुपये वेतन के साथ कमीशन पर रखा था। पुलिस ने युवतियों को नोटिस और सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया। कॉल सेंटर से 11 कीपैड फोन, एक स्मार्ट फोन, सात मोहर, चार फर्जी नियुक्ति पत्र, चार मॉनीटर, चार सीपीयू, चार कीबोर्ड, चार माउस और ऑफिस फोन से प्राप्त 34 स्क्रीनशॉट बरामद हुए हैं। ऑनलाइन साइट से बेरोजगारों का डाटा खरीदा गिरफ्त में आए आरोपियों ने ऑनलाइन साइट फाउंड इट डॉट कॉम से तीस हजार रुपये में बेरोजगार युवाओं का डाटा खरीदा। इनमें उनका मोबाइल नंबर भी था। कॉल सेंटर में कार्यरत युवतियां उन्हें कॉल कर खुद को नौकरी दिलाने वाली एक नामचीन वेबसाइट का कर्मचारी बताकर संपर्क करती थीं और नौकरी लगवाने का झांसा देकर रकम ऐंठ लेती थीं। युवकों से पंजीयन शुल्क के तौर पर सबसे पहले 950 रुपये लिए जाते। इसके बाद दस्तावेजों का सत्यापन, फाइल चार्ज, एनओसी और नौकरी देने वाली कंपनी से एक साल का अनुबंध करने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग करते थे। उन्हें कहा जाता था कि एक साल बाद ब्याज समेत पूरी रकम कंपनी वापस कर देगी। रकम मिलने के बाद नियुक्ति-पत्र के लिए एक तारीख उन्हें बताई जाती।

# यातायात सड़क सुरक्षा के तहत छात्रों को जागरूक किया



गाज़ियाबाद के थाना वेवसिटी एसीपी प्रियाशी पाल और पुलिस टीम प्रभारी द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा जागरुकता माह के तहत जिज्ञासा पब्लिक स्कूल लालकुआं पर उपस्थित छात्र– छात्राओं को जागरुक किया गया ।

# नोएडा-गाजियाबाद में डीजल ऑटो पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नोएडा और गाजियाबाद में डीजल ऑटोरिक्शा पर तत्काल प्रतिबंध लागू कर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नोएडा और गाजियाबाद में डीजल ऑटोरिक्शा पर तत्काल प्रतिबंध लागू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह प्रतिबंध यूपी-एनसीआर क्लस्टर में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। ताकि वाहनों से होने वाले प्रदूषण में तेजी से कमी लाई जा सके। सरकार ने



एनसीआर से जुड़े जिलों में बढ़ते वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक कार्य-योजना तैयार की है। इस योजना में मुख्य रूप से सड़क विकास, धूल दमन उपायों को मजबूत करने और बड़े स्तर पर सफाई अभियानों पर जोर दिया जाएगा। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, रोड डस्ट क्षेत्र में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है।

## विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**साहिबाबाद ।** थाना क्षेत्र में मोहन नगर के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। आरोप है कि आरोपी चालक ने भागने के प्रयास में बाइक सवार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया लेकिन युवक बाल-बाल बच गया। बाइक सवार ने लोगों के सहयोग से चालक को पकड़ लिया लेकिन वह छूट कर भागने में सफल रहा। पीड़ित के बहनोई ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नंदग्राम निवासी मयंक ग्रोवर ने पुलिस में शिकायत दी है कि 18 नवंबर की सुबह घुकना निवासी उनका साला शिवम चौधरी साहिबाबाद स्थित अपने क्लीनिक जा रहा था। वह जब मोहन नगर स्थित एमएमएक्स मॉल के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने शिवम की बाइक में टक्कर मार दी।

# बाइक सवार तीन युवकों ने घर के बाहर खड़े बीए के छात्र को मारी गोली

वेलकम इंडिया

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के विकास कुंज कॉलोनी में शुक्रवार रात बाइक सवार तीन युवकों ने विवाद के चलते घर के बाहर खड़े कुणाल (21) को गोली मार दी। गोली मारने से पहले दो युवकों ने कुणाल के साथ मारपीट की। गोली मारने के बाद दो युवक बाइक पर खड़े युवक के साथ फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। विकास कुंज कॉलोनी में सुनील कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह परचून की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा कुणाल बीए की पढ़ाई कर रहा हैं। कुणाल की मां ने बताया कि वह और परिवार के सभी सदस्य समारोह में जाने की तैयारी कर रहे थे। उनका बेटा



घर में था। तभी उनका बेटा घर के गेट पर पहुंचा। बाइक सवार तीन युवक उसके पास आकर रुके। दो युवक कुणाल के साथ मारपीट करने लगे। तीसरा युवक बाइक को स्टार्ट करके कुछ दूरी पर खड़ा था। मारपीट के बाद दोनों युवकों ने कुणाल को गोली मार दी। गोली कुणाल के पेट में लगी। गोली मारने के बाद दोनों युवक अपने तीसरे साथी की बाइक पर बैठ कर फरार हो गए। गोली चलने पर आसपास इलाके में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने कुणाल के परिवार को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग गोली लगने से घायल कुणाल को अस्पताल में लेकर पहुंचे। कुणाल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। कुणाल की मां ने बताया कि उनके बेटे की किसी से कोई रंजिश नहीं हैं। जिन लोगों पर गोली मरने का आरोप है, कुछ समय पहले कुणाल की उनसे दोस्ती थी। मौजूदा समय में उनकी कुणाल से दोस्ती नहीं थी। गोली क्यों मारी इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने शुरू किए। फुटेज में दिख रहा है कि बाइक पर तीन लड़के आए थे। घटना के बाद तीनों उसी बाइक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस फुटेज में कैद हुए युवकों की तलाश कर रही है।

# सड़क जाम करने वाले 200 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज


वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीटी रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत के बाद कालकागढ़ी चौक पर जाम लगाने वाले 200 अज्ञात महिला और पुरुषों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। किराना मंडी चौकी पुलिस कमल देव ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि उपनिरीक्षक कमल देव के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात कार की टक्कर से बाइक सवार प्रियांशु और शिवा की मौत हो गई। जबकि उनके तीसरे साथी साहिल की हालत गंभीर है और दिल्ली स्थित तेगबहादुर अस्पताल में उपचार जारी है। आरोप है कि मृतकों के परिजनों ने गाडियों में शव रखकर सड़क पर खड़ी कर दी और कालकागढ़ी चौक पर जाम लगा दिया। राहगीरों ने अभद्रता की गई, डंडें मारे गए। इससे



भयभीत व्यापारी दुकान बंद करके चले गए और सड़क पर भय का माहौल व्याप्त हो गया। डीसीपी ने बताया कि 200 अज्ञात महिलाओं और पुरुषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मौके की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी से आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उधर, हादसे में गंभीर रूप से घायल साहिल की हालत में सुधार बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपी कार चालक प्रदीप सोलंकी निवासी मालीवाड़ा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह शहर की एक कंपनी में मैनेजर है। बृहस्पतिवार की शाम को वह ड्यूटी करने के बाद नोएडा में अपने इंजीनियर बेटे व उसके दो अन्य साथियों को लेकर घर लौट रहा था। चौधरी मोड़ से बाइक सवार तीनों युवक तेज गति से रमतेराम कट से होते हुए निकले और उनकी कार से टकरा गए। जिसके बाद वह कार छोड़कर नोएडा भाग गए थे।

# नोएडा सेक्टर-18 मेट्रो के पास कार में लगी आग, सड़क पर लगा भीषण जाम



वेलकम इंडिया

**नोएडा।** बता दें कि पास में अट्टा मार्केट होने के कारण इलाके में हमेश लोगों की भारी भीड़ रहती है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। नोएडा सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के पास चलती स्कॉर्पियो में शनिवार देर शाम आग लग गई। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना के बाद सेक्टर-18 में जाम लग गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि शाम के वक्त सेक्टर-18 में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझा दिया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है।

## ठग ने कार को बेचने का झांसा देकर नौ लाख रुपये ठगे

**लोनी।** कार बेचने का झांसा देकर ठग ने लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति से नौ लाख रुपये ठग लिए। ठग ने पहले कार बेच दी, बाद में कार लेकर फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। सुनील कुमार पांचाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली पटेल नगर में कार सेल परचेज का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद शामली के थाना कैराना लाल मोहल्ला निवासी दीपक कुमार एक ब्रेजा कार लेकर उनके पास पहुंचा। दीपक ने उन्हें कार के कागजात दिखाकर नौ लाख रुपये में कार बेचना तय कर लिया। साथ ही कार के फर्स्ट ओनर दिल्ली निवासी मुकंदपुर एक्सटेंशन श्रीपाल से फोन पर बात करवाई। दोनों से पहले की जान पहचान होने के चलते कार अपने पास रखकर नौ लाख रुपये की पेमेंट कर दी।

# अब हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज देगी मिड-डे-मील की सामग्री

वेलकम इंडिया

शिक्षा विभाग ने बताया कि एग्रो इंडस्ट्रीज के साथ एक साल के लिए समझौता किया गया है। इस दौरान चावल, दाल, तेल, मसाले, नमक और अन्य जरूरी सामग्री सीधे एग्रो इंडस्ट्रीज के स्टोर से सरकारी स्कूलों तक भेजी जाएगी।

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने स्कूलों में मिलने वाले मिड-डे-मील को और बेहतर बनाने के लिए एक नया कदम उठाया है। अब पूरे राज्य में मिड-डे-मील में लगने वाली सभी खाद्य सामग्री की सप्लाई हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज करेगी। सरकार के मुताबिक इससे भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा।

शिक्षा विभाग ने बताया कि एग्रो इंडस्ट्रीज के साथ एक साल के लिए समझौता किया गया है। इस दौरान चावल, दाल, तेल, मसाले, नमक और अन्य जरूरी सामग्री सीधे एग्रो इंडस्ट्रीज के स्टोर से सरकारी स्कूलों तक भेजी जाएगी। हर सामग्री को भेजने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। पहले कई जगहों से सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिलती थीं। नई व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। इससे भोजन की गुणवत्ता सुधरेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी, और बच्चों को अधिक पौष्टिक खाना मिलेगा। अब सामग्री स्कूलों तक सीधे पहुंचेगी, जिससे बीच में होने वाली गड़बड़ियों और देरी को रोका जा सकेगा। बाल वाटिका से लेकर कक्षा 8 तक के सभी बच्चों को इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा। शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को एएमएस पोर्टल पर प्रतिदिन 100 प्रतिशत रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से चार युवकों ने किया दुष्कर्म

**गुरुग्राम।** सोहना सिटी थाना क्षेत्र में नाबालिग को शादी का झांसा देकर चार युवकों ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। फरीदाबाद के धौज थाने में पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित लड़की ने बताया कि आरोपियों ने शादी का झांसा देकर सोहना सिटी थाना क्षेत्र में उसके साथ वर्ष 2023 में दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर फरीदाबाद के धौज थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की। आगामी कार्रवाई के लिए जीरो एफआईआर को गुरुग्राम पुलिस को भेजी गई। गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार को सोहना सिटी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि मूलरूप से फरीदाबाद निवासी पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार युवकों ने उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर फंसाया।

# दिल्लीवालों अब बढ़ेगी ठंडः 8 डिग्री नीचे पहुंचेगा पारा, कोहरे के साथ बढ़ेगी ठिठुरन, अगले छह दिन ऐसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में अब कड़ाके की ठंड का अहसास होगा। मौसम विभाग ने 28 नवंबर तक मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है। सुबह के समय अधिकतर इलाकों में हल्का कोहरा रहेगा, लेकिन दिनभर का मौसम साफ रहेगा। राजधानी में आने वाले दिनों में न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचेगा। ऐसे में लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान मौसम मुख्यतः साफ रहने का अनुमान है। हालांकि, सुबह के समय हल्की से मध्यम धुंध या कोहरा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 24 से 28 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में गिरवाट देखने को मिल सकती है, जो 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह के समय अधिकतर इलाकों में हल्का कोहरा रहेगा, लेकिन दिनभर का मौसम



साफ रहेगा। वहीं, 24 और 25 नवंबर को न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। 26 नवंबर के आसपास न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक पहुंच सकता है और फिर 27 और 28 नवंबर को भी तापमान लगभग 8 से 10 डिग्री के बीच रह सकता है। इस दौरान, आसमान साफ रहेगा। दूसरी ओर, राजधानी में खिली धूप के बावजूद ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे में न्यूनतम के साथ-साथ अब अधिकतम तापमान में भी गिरावट हो रही है। शनिवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक बनी हुई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। इसी बीच अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 0.5 डिग्री कम है। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 40 प्रतिशत रही। वहीं, आया नगर सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम पारा 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, लोधी रोड में 12, पालम में 13.2 और रिज में 12.1 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। आईएमडी का अनुमान है कि रविवार को सुबह धुंध व कोहरा के साथ आसमान साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। 24 से 28 नवंबर तक मौसम ज्यादातर साफ रहेगा। हालांकि, सुबह के समय हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, और हवा की गति हल्की रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 24 और 25 नवंबर को सुबह के समय हल्का कोहरा होगा, जबकि दिनभर आसमान साफ रहेगा। 26 नवंबर को भी हल्का कोहरा रहेगा, लेकिन दिन में मौसम साफ रहेगा और तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 27 और 28 नवंबर को भी सुबह हल्का कोहरा रहने की संभावना है, लेकिन दिनभर मौसम साफ रहेगा और तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। हवा की गति 00 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रहेगी और प्रदूषण स्तर पर नजर रखी जाएगी।